आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 230 हापुड़ , शुक्रवार 7 मार्च 2025 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## देवभूमि उत्तराखंड आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत, मुखवा आकर मैं धन्य- पीएम मोदी

हर्षिल/नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के मुखवा गांव में स्थित मुखीमठ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उसके बाद उन्होंने हर्षिल में ट्रैक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड की यह देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत है। चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद इसे प्राप्त है। जीवनदायिनी मां गंगा के इस शीतकालीन गद्दी स्थल पर आज एक बार फिर आकर, आप सब परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया हूं। उन्होंने मां गंगा की सेवा को अपना सौभाग्य बताया। बोले, मां गंगा की कृपा से ही मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला है। मैं मानता हूं कि उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और अब सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहा हूं। इसीलिए मैंने काशी में कहा भी था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है। कुछ महीने पहले मुझे यह भी अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। यह मां गंगा की ही दुलार है, अपने इस बच्चे के प्रति उनका स्नेह है कि आज मैं उनके मायके मुखवा गांव आया हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ साल पहले जब मैं बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए बाबा के चरणों में गया था, तो बाबा के दर्शन-अर्चन के बाद मेरे मुंह से अचानक कुछ भाव प्रकट हुए थे और मैं बोल पड़ा था कि यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा। वो शब्द मेरे थे, भाव मेरे थे लेकिन उनके पीछे सामर्थ्य देने की शक्ति स्वयं बाबा केदारनाथ ने दी थी। मैं देख रहा हूं कि बाबा केदार के आशीर्वाद से धीरे-धीरे वो शब्द, वो भाव हकीकत में बदल रहे



हैं। यह दशक उत्तराखंड का बन रहा है। उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए हमारी डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है। चारधाम ऑल वेदर रोड, आधुनिक एक्सप्रेस वे, राज्य में रेलवे, विमान और हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार पिछले 10 वर्षों में तेजी से हुआ है। अभी कल ही केंद्रीय कैबिनेट ने केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। केदारनाथ रोपवे बनने के बाद जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती है, अब उसे लगभग 30 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। इससे बुजुर्गों और बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा और सुगम हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि टूरिज्म उत्तराखंड के लिए बहुत जरूरी है। मैं चाहता हूं कि उत्तराखंड में कोई भी सीजन ऑफ सीजन न हो, हर सीजन में टूरिज्म ऑन रहे। उत्तराखंड में पर्यटकों की संख्या इस एक दशक में तेजी से बढ़ी है। 2014 से पहले चारधाम यात्रा पर हर साल औसतन 18 लाख यात्री आते थे। अब हर साल लगभग 50 लाख तीर्थयात्री आने लगे हैं। यहां सर्दियों में पर्यटन के दौरान ट्रैकिंग और स्कीइंग जैसी रोमांचक गतिविधियां होती हैं, जो वाकई एक रोमांचक अनुभव है उत्तराखंड में धार्मिक यात्रा के लिए भी सर्दी एक खास समय है, क्योंकि इस मौसम में कई तीर्थ स्थलों पर विशेष अनुष्ठान होते हैं। यहां तक कि मुख्य गांवों में भी आप धार्मिक समारोह देख सकते हैं, जो हमारी प्राचीन और अनूठी परंपराओं का अभिन्न अंग हैं। हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड के बॉर्डर वाले इलाकों को भी पर्यटन का विशेष लाभ मिले। पहले सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव कहा जाता था। लेकिन हमने यह सोच बदल दी, हमने कहा कि यह आखिरी नहीं, हमारे प्रथम गांव हैं। उनके विकास के लिए 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम शुरू किया गया। इस क्षेत्र के भी 10 गांव इस योजना में शामिल किए गए हैं।

## राहुल गांधी ने मुंबई में धारावी चमड़ा उद्योग के श्रमिकों से मुलाकात की



मुंबई । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मुंबई में धारावी चमड़ा हब का दौरा किया और चमड़ा उद्योग के श्रमिकों से बातचीत की। राहुल गांधी ने इन श्रमिकों को समस्याओं को समझने की कोशिश की। राहुल गांधी आज दिल्ली से मुंबई पहुंचे तो मुंबई एयरपोर्ट पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राहुल गांधी धारावी में जाकर चमड़ा उद्योग से जुड़ी कंपनियों का दौरा किया और उनसे बातचीत की। राहुल गांधी ने एक कंपनी में जाकर चमड़े की बैग को भी सिया। इसके बाद एक चर्मकार के स्टुडियो में गए और स्टुडियो मालिक और श्रमिकों से चर्चा की। कांग्रेस नेता की इस यात्रा का उद्देश्य चमड़ा हब के कार्यबल के सामने आने वाली चुनौतियों को समझना था। बता दें कि धारावी दुनिया के सबसे बड़े चमड़ा केन्द्रों में से एक है, जहां 20,000 से अधिक चमड़ा विनिर्माण इकाइयां हैं और एक लाख से अधिक श्रमिक कार्यरत है। राहुल गांधी का मुंबई में कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। आज रात को राहुल गांधी मुंबई के होटल में रुकेंगे। इसके बाद राहुल गांधी शुक्रवार सुबह अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे।

## गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों की जरूरतों की अनदेखी कर रही उप्र सरकार- मायावती

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए गरीबों, पिछड़े वर्गों, दलितों और आदिवासियों की जरूरतों की अनदेखी कर उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। मायावती ने यहां लखनऊ में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, सरकार की आर्थिक नीतियों और बजटीय दावों से बड़े पैमाने पर मुट्ठी भर धनी पूंजीपतियों को फायदा होता है। अमीरों को और अमीर बनाने के बजाय सरकार को इस देश के लगभग 125 करोड़ आम नागरिकों के बीच गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन को खत्म करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में विफल रही है जबकि राज्य




को देश का 'विकास इंजन' कहा जाता है। मायावती ने कहा, इन आवश्यक सेवाओं की खराब स्थिति कोई रहस्य नहीं है। केंद्र की तरह उत्तर प्रदेश सरकार के पास भी धन की कोई कमी नहीं है लेकिन वंचितों के कल्याण के लिए इसका उपयोग करने में उसकी विफलता बेहद चिंताजनक है। बसपा सुप्रिमो ने भाजपा पर कांग्रेस के समान शासन मॉडल अपनाने का भी आरोप लगाया और कहा कि अन्य राज्यों में शासन करने वाली क्षेत्रीय पार्टियां भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपना रही हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को अप्रभावी बना दिया है। ग्रामीण परिवारों के उत्थान के लिए हमारी सरकार द्वारा शुरू की गई बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ग्रामीण समग्र विकास योजना (समग्र ग्राम विकास योजना) को कांग्रेस, सपा और अब भाजपा सरकारों ने निष्क्रिय कर दिया है। मायावती ने बसपा के कामकाज पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसपा ने उत्तर प्रदेश में सत्ता मं अपने चार कार्यकालों के दौरान वास्तविक सामाजिक और आर्थिक सुधार लागू किए थे।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक सशक्तिकरण लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया। मौजूदा सरकार के विपरीत हमने ग्रामीण क्षेत्रों में 17 आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए पर्याप्त धन सुनिश्चित किया, जिससे लोगों के जीवन में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मायावती ने अंबेडकरवादी सिद्धांतों के प्रति बसपा की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और हाशिए पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।

## उत्तर प्रदेश में 10 लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेगी सरकार- मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में 10 लाख युवा उद्यमी तैयार करने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, भारत नई दिशा में बढ़ रहा है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। मुख्यमंत्री ने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरित की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जरिये सरकार ने व्यवस्था कि है कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे। योगी ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला व अति पिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश ने समृद्धि व खुशहाली के नए दौर में प्रवेश किया है। निर्यात बढ़ा है। हमने उत्तर प्रदेश के अगले स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की, जिससे कारीगर, हस्तशिल्पी सम्मान पा सकें। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि सीएम युवा योजना को इसी शुरुआत के एक महीने के भीतर ही 2.54 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जो पूरे वर्ष के लिए एक लाख उद्यमियों के लक्ष्य से कहीं अधिक है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि अब तक एक लाख आवेदन बैंकों को भेजे जा चुके हैं, जिनमें 24,000 लाभार्थियों के लिए 931 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं और 10,500 आवेदकों को 410 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। योगी ने कहा, ''हम उत्तर प्रदेश में 10 लाख युवा उद्यमी तैयार करेंगे और इसके लिए अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि 'स्टार्टअप', 'स्टैंडअप', 'मेक इन इंडिया' की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है।

## जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी- जयशंकर




लंदन/नई दिल्ली । विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र बाकी हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी है। डॉ. जयशंकर ने कल शाम यहां चैथम हॉल में संवाद कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार के जम्मू-कश्मीर के मसले के समाधान के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने इसमें से अधिकांश को हल करने के लिए अच्छा काम किया है। अनुच्छेद 370 को हटाना, विकास और समृद्धि को बहाल करना, चुनाव आयोजित करना जिसमें अभूतपूर्व मतदान दर्ज किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा, हम जिस चीज़ का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चोरी हुए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब ऐसा किया जाएगा, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर मसला हल हो जाएगा। पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा था कि अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शांति एवं बातचीत से विवादों के समाधान के पक्षधर हैं तो क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कश्मीर के मसले के समाधान के लिए बात करेंगे। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की नीतियों के भारत पर प्रभाव से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमने जो कुछ भी देखा है, वह वैसा ही है जैसी हमें पहले से उम्मीद थी। मुझे तो इस बात का आश्चर्य है, लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं। इससे पहले लंदन की सड़कों पर खालिस्तानी अलगाववादियों एवं आतंकवादियों ने विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के काफिले को रोक कर भारत विरोधी नारेबाजी की और भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ कर अपमान किया। लंदन पुलिस के अधिकारी इस घटना के मूकदर्शक बने रहे। इस घटना की भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी निंदा की है और ब्रिटिश सरकार का उसके राजनयिक दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया है।

## सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा एलान, दिल्ली में नहीं रुकेगा कोई काम; अफसरों को दिए सख्त निर्देश






नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार सुबह शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों की पेयजल, सफाई और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को जन समस्याओं के तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि दिल्ली के हर नागरिक तक सभी मूलभूत सुविधाएं उचित रूप से पहुंचें और इसके लिए हम निरंतर कार्यरत हैं।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ शालीमार गांव चौक, मैक्स रोड, हैदरपुर गांव चौक सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल, सफाई और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों से उनकी समस्याओं पर बात की और उनके फीडबैक के आधार पर अधिकारियों को जल, सड़कों और गंदगी से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता संवाद में पहुंचीं। वहीं, संवाद में चांदनी चौक से भाजपा के सांसद प्रवीन खंडेलवाल भी मुख्यमंत्री के साथ मंच पर मौजूद रहे। दिल्ली भर से 500 से अधिक व्यापारी और उद्यमी मौजूद रहे। जो, सीलिंग, इंस्पेक्टरराज, बाजारों के पुनर्विकास, मूलभूत सुविधाओं का अभाव, वायु प्रदूषण के नाम पर उद्योग को निशाना बनाए जाने जैसे अन्य मुद्दे उठा रहे हैं। वहीं, जीएसटी विभाग के नोटिस, जलभराव, सीवर की समस्या, पगड़ी कानून का भी मुद्दा उठाया। सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि यह संवाद दिल्ली में भाजपा सरकार के पहले बजट को लेकर है। इन सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आधारभूत सुविधाओं का विकास हो, सीवर सफाई, 24 घंटे निकलकर सड़क पर काम करने को हमारी सरकार तैयार है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने बड़े विश्वास के साथ आपकी बहन को जिम्मेदारी दी है। दिल्ली के विकास में आपका साथ चाहिए, दिल्ली के दर्द का अहसास मुझे हैं, पहले की सरकारें केवल दर्द का प्रचार करती थीं, मैं कोशिश करूंगी कि उपचार करूं। उन्होंने कहा व्यवस्थाएं, बिगड़ी, जंग लगा, अफसरशाही का डर व्यापारी के चेहरे पर देखा है। आप लोगों ने, जब ध्यान कर लिया कि दिल्ली इस तरह से नहीं चल पाएगी, सही हाथों में देना चाहिए तो बदलाव किया।अफसरों की जेब में नहीं जाने दूंगी पैसे- सीएम रेखा गुप्ता सीएम रेखा गुप्ता ने कहा बड़े-बड़े व्यापारियों हब, औद्योगिक एरिया में व्यवस्था बिगड़ी है, शुरुआत नए तरीके से करना पड़ेगा, पूरा सिस्टम बिगड़ा हुआ है। अस्पताल, स्कूल में सब जगह सिस्टम बिगड़ा हुआ है। स्कूल में पानी नहीं, शौचालय में पानी नहीं, करोड़ों की पीपीटी किट डब्बा बंद बर्बाद हो गई, राजस्व का एक एक पैसा ना गड्ढे में, ना अफसर की जेब ना नेताओं को जाने दूंगी। उन्होंने कहा दिल्ली में वह सुविधाएं और माहौल नहीं मिला। 70 प्रतिशत दिल्ली के उद्यमी व्यापारियों रोज बाहर जाना पड़ता है, क्योंकि उनका व्यापार उद्योग एनसीआर में है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हर समस्या का समाधान करूंगी, चाहे जो करना पड़े। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा मोदी सरकार की नीति और नियत साफ है, कोई एक रुपये का झोल नहीं, जीएसटी नहीं बढ़ेगी।

सरकार की व्यवस्था और नियमों को मानते हुए दिल्ली को बहुत बड़ा उद्योग व्यापार का सेंटर बनाना है और उसके लिए पॉलिसी बने, उसके लिए आप सुझाव दें, मै काम करूंगी। वहीं, सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि इतने काम बताए पैसा कहा से आयेगा तो मुख्यमंत्री ने कहा (हंसते हुए) कि आप लाते जाओ मैं खर्च करती जाऊंगी।

## महिला दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी- मुर्मु

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा यहां विज्ञान भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। महिला दिवस के अवसर पर वह भारत का निर्माण कर रही है हैशटैग से सोशल मीडिया पर एक मेगा अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ मेरा युवा भारत पोर्टल के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य भाग लेंगी। इसके अलावा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों की महिला अधिकारियों को भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र के बाद महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा की जायेगी। इस दौरान विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित, व्यवसाय, खेल, मीडिया और शासन क्षेत्रों से जुड़ी प्रसिद्ध महिला हस्तियों को एक साथ लाने के लिए तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर ये हस्तियां अपने अनुभव साझा करेंगी और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। साथ ही वित्तीय समावेशन, उद्यमिता और अर्थव्यवस्था में महिलाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित सत्र का आयोजन किया जायेगा। राजनीतिक नेतृत्व के माध्यम से लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए नीतियों और रूपरेखाओं पर भी चर्चा होगी। इस दौरान एक अनूठा डिजिटल मीडिया और इंटरएक्टिव ज़ोन वास्तविक समय की चर्चाओं, मल्टीमीडिया प्रदर्शनों और कहानी कहने की पहलों के माध्यम से प्रतिभागियों को जोड़ेगा जो प्रगतिशील भारत को आकार देने में महिलाओं के योगदान की जानकारी देगा। महिला दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम का दूरदर्शन, वेबकास्ट लिंक, महिला और बाल विकास मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और विश्व बैंक लाइव पर व्यापक पहुँच और प्रसार के लिए लाइवस्ट्रीम किया जाएगा।

## संपादकीय

# लंका दहन के समय एक घर छोड़ दिया था हनुमानजी ने



मेघनाथ ने श्रीहनुमानजी को रावण के सामने लाकर खड़ा कर दिया। हनुमानजी ने देखा कि राक्षसों का राजा रावण बहुत ही ऊंचे सोने के सिंहासन पर बैठा हुआ है। उसके दस मुंह और बीस भुजाएं हैं। उसका रंग एकदम काला है। उसके आसपास बहुत से बलवान योद्धा और मंत्री आदि बैठे हुए हैं। लेकिन रावण के इस प्रताप और वैभव का हनुमानजी पर कोई असर नहीं पड़ा। वह वैसे ही निडर खड़े रहे जैसे सांपों के बीच में गरुड़ खड़े रहते हैं। हनुमानजी को इस प्रकार अपने सामने अत्यन्त निर्भय और निडर खड़े देखकर रावण ने पूछा- बन्दर तू कौन है? किसके बल के सहारे वाटिका के पेड़ों को तुमने नष्ट किया है? राक्षसों को क्यों मारा है? क्या तुझे अपने प्राणों का डर नहीं है? मैं तुम्हें निडर और उद्दण्ड देख रहा हूं। हनुमानजी ने कहा- जो इस संपूर्ण विश्व के, इस संपूर्ण ब्रह्मांड के स्वामी हैं, मैं उन्हीं भगवान श्रीरामचंद्रजी का दूत हूं। तुम चोरी से उनकी पत्नी का हरण कर लाये हो। उन्हें वापस कर दो। इसी में तुम्हारा और तुम्हारे परिवार का कल्याण है। यदि तुम यह जानना चाहते हो कि मैंने अशोवाटिका के फल क्यों खाये, पेड़ आदि क्यों तोड़े, राक्षसों को क्यों मारा तो मेरी बात सुनो। मुझे बहुत जोर की भूख लगी थी इसलिए वाटिका के फल खा लिये। बंदर स्वभाव के कारण कुछ पेड़ टूट गये। अपनी देह सबको प्यारी होती है इसलिए जिन लोगों ने मुझे मारा, मैंने भी उन्हें मारा। इसमें मेरा क्या दोष है? लेकिन इसके बाद भी तुम्हारे पुत्र ने मुझे बांध रखा है। रावण को बहुत ही क्रोध चढ़ आया। उसने राक्षसों को हनुमानजी को मार डालने का आदेश दिया। राक्षस उन्हें मारने दौड़ पड़े। लेकिन तब तक विभीषण ने वहां पहुंच कर रावण को समझाया कि यह तो दूत है। इसका काम अपने स्वामी को संदेश पहुंचाना है। इसका वध करना उचित नहीं होगा। इसे कोई अन्य दंड देना ही ठीक होगा। विभीषण की यह सलाह रावण को पसंद आ गयी। उसने कहा ठीक है बंदरों को अपनी पूंछ से बड़ा प्यार होता है। इसकी पूंछ में कपड़े लपेटकर, तेल डालकर उसमें आग लगा दो। जब यह बिना पूंछ का होकर अपने स्वामी के पास जायेगा तब फिर उसे भी साथ लेकर लौटेगा। यह कहकर वह बड़े जोर से हंसा। रावण का आदेश पाकर राक्षस हनुमानजी की पूंछ में तेल भिगो भिगोकर कपड़े लपेटने लगे। अब तो हनुमानजी ने बड़ा ही मजेदार खेल किया। वह धीरे धीरे अपनी पूंछ को बढ़ाने लगे। ऐसी नौबत आ गयी कि पूरी लंका में तेल, कपड़े और घी बचे ही नहीं। अब राक्षसों ने तुरंत उनकी पूंछ में आग लगा दी। पूंछ में आग लगते ही हनुमानजी तुरंत उछलकर एक ऊंची अटारी पर जा पहुंचे और वहां से चारों ओर कूद कूदकर वह लंका को जलाने लगे। देखते ही देखते पूरी नगरी आग की विकराल लपटों में घिर गयी। सभी राक्षस और राक्षसियां जोर जोर से चिल्लाने लगे। वे सब रावण को कोसने लगे। रावण को भी आग बुझाने का कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। हनुमानजी की सहायता करने के लिए पवन देवता भी जोर जोर से बहने लगे। थोड़ी ही देर में पूरी लंका जलकर नष्ट हो गयी। हनुमानजी ने केवल विभीषण का घर छोड़ दिया और उसे जलाया नहीं।

# 7 मार्च 2025 का पंचांग






सूर्योदय- 06.46 प्रात-
सूर्यास्त- 06.28 सायं
सूर्य राशि- कुम्भ राशि में।
चंद्र उदय- 12.07 रात्रि
चंद्र अस्त- रात्रि- 02.28
चंद्रमा- प्रात- 11.45 उपरांत मिथुन राशि में।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना फाल्गुन -07 पूर्णिमांत महीना फाल्गुन-23 पक्ष-शुक्ल पक्ष-08 तिथि-अष्टमी प्रात- 09.18 तक बाद में नवमी, नक्षत्र-मृगशिरा दोपहर- 11.32 तक बाद में आद्रा, योग-प्रीति सायं- 06.15 तक बाद में आयुष्मान, करण-बव प्रात- 09.18 तक बाद में बालव रात्रि- 08.43 तक बाद में कौलव राहु काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक कुलीक काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक,यमगंड प्रात- 03.00 से 04.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.14 से 01.01 तक, दुमुहूर्त प्रात- 09.07 तक 09.54 से दोपहर- 01.01 से 01.47 तक अमृत काल रात्रि- 02.55 से 04.29 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.09 से 05.57 तक।

# 7 मार्च 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- मकान बेचना पड़ सकता है, बनते मकान कार्य में परेशानी भी रहेगी, ड्राइविंग में ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-49

वृषभ-पैतृक धन को सही जगह लगाए, कोई पैसे उधार मांग सकता है,प्रोफेशन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।
भाग्य प्रतिशत-51

मिथुन- सरकारी लिखित परीक्षा की अच्छी तैयारी होगी, झूठे प्रलोभनों से बचना होगा, बाहर से लाभ होंगे, परंतु व्यय बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-57

कर्क-बाहर जाने की योजना बनेगी, वाणी में संयम रखे अन्यथा हाथ आए मौके निकलना जायेगे, जीवन में कुछ बड़ा करने का विचार बनेगा।
भाग्य प्रतिशत-65

सिंह- पुरानी कला, विद्या को आरम्भ करेंगे, लोहा, बरतन, स्वर्ण कार्य में थोड़ी परेशानी आ सकती है, अस्पताल से सबंधित कार्य चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-69

कन्या-सेहत के प्रति लापरवाही ना रखें, बाहर जा सकते है, शुगर हड्डियों के रोग बढ़ सकते है, औषधि कार्य लाभ देगा।
भाग्य प्रतिशत-55

तुला-पत्नी संग पर्यटन कर सकते है, पिता के धन का उपभोग करेंगे, चर्म, किडनी, पथरी रोग है तो ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-68

वृश्चिक-भाग्य पक्ष में परेशानी से प्रयत्नों का परीणाम रुक सकता है, पेट और कोलेस्ट्राल का भी ध्यान रखें, थोड़ा टहले।
भाग्य प्रतिशत-49

धनु- गुप्त रूप से प्रेम समबन्ध चला सकते है। गुरु की सलाह से जीवन तय करने में मदद मिलेगी, जो कार्य करे सावधान रहें।
भाग्य प्रतिशत- 60

मकर- ऊर्जा का सही उपयोग नहीं कर पाएंगे,आशा निराशा रहेगी, प्रेम संबंध में दूसरा पक्ष हामी भरने में समय ले सकता है।
भाग्य प्रतिशत-49

कुम्भ-मेहनत बढेगी, सरकारी नौकरी में तबादला सम्भव है, घर से कोई व्यवसाय आरंभ करने की योजना बनेगी।
भाग्य प्रतिशत-63

मीन-पूजा पाठ में विघ्न पड़ सकता है, पैरों में परेशानी अनुभव होगी, किसी चिकित्सा से गुजरने का भी योग है।
भाग्य प्रतिशत-48

# लोसार – तिब्बती नववर्ष का पर्व – रविंद्र आर्य

## तिब्बती नववर्ष ( लोसर ) के शुभ अवसर पर लिंग रिनपोछे और परम पावन दलाई लामा की भेंट




लोसार तिब्बती समुदाय का सबसे प्रमुख पर्व है, जिसे तिब्बती नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व तिब्बती कैलेंडर के अनुसार 12वें महीने के अंत और नए वर्ष की शुरुआत में मनाया जाता है, जो आमतौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार जनवरी या फरवरी में पड़ता है। लोसार मुख्य रूप से तिब्बत, नेपाल, भूटान और भारत में तिब्बती बौद्ध समुदाय द्वारा मनाया जाता है।

**लोसार का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व**

लोसार का शाब्दिक अर्थ है लो (वर्ष) और सार (नया), यानी नया वर्ष। यह पर्व तिब्बत में प्राचीन बोन धर्म से जुड़ा हुआ था, जिसे बाद में बौद्ध संस्कृति ने अपनाया। यह पर्व कृषि से भी जुड़ा हुआ है, क्योंकि पारंपरिक रूप से इसे फसल कटाई और नए मौसम के आगमन के साथ मनाया जाता था।

लोसार का प्रारंभिक जश्न तिब्बत के योर्लंग वंश (7वीं शताब्दी) के शासनकाल में शुरू हुआ था। इसे तिब्बत के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सामाजिक पर्व के रूप में देखा जाता है, जिसमें आध्यात्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक नृत्य, पारंपरिक भोजन और सामाजिक मेल-जोल शामिल होता है।

**लोसार का उत्सव और परंपराएँ**

लोसार को तीन मुख्य दिनों में विभाजित किया जाता है-

**गुटुक - लोसार की पूर्व संध्या**

लोसार के एक दिन पहले गुटुक नामक विशेष व्यंजन बनाया जाता है, जिसमें नौ तरह की सामग्री होती है। इस दिन घर की सफाई, पुराने सामानों का त्याग और नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर करने के लिए अनुष्ठान किए जाते हैं। बौद्ध मठों में छाम नृत्य किया जाता है, जिसमें बौद्ध भिक्षु रंगीन पोशाक पहनकर नकारात्मक शक्तियों का नाश करने के लिए नृत्य करते हैं।

**लोसार का पहला दिन - धार्मिक अनुष्ठान**

इस दिन लोग बौद्ध मठों और मंदिरों में जाते हैं, विशेष पूजा करते हैं और अच्छे भविष्य की कामना करते हैं। दलाई लामा और प्रमुख लामा अपने अनुयायियों को आशीर्वाद देते हैं। पारंपरिक तिब्बती पोशाक पहनकर लोग अपने परिवार और रिश्तेदारों से मिलते हैं।

**लोसार का दूसरा और तीसरा दिन - सामाजिक उत्सव**

लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने जाते हैं। पारंपरिक तिब्बती व्यंजन जैसे खापसे (खस्ता पकवान), छांग (जौ से बनी शराब) और मोमो खाए जाते हैं। घोड़ों की दौड़, पारंपरिक नृत्य और संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**भारत में तिब्बती समुदाय और लोसार का महत्व**

भारत में तिब्बती शरणार्थियों की एक बड़ी आबादी है, जो 1959 में दलाई लामा के भारत आगमन के बाद यहाँ बस गई। धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) तिब्बती शरणार्थियों का केंद्र बना और इसे %लिटिल तिब्बत कहा जाता है। यहाँ हर साल बड़े धूमधाम से लोसार मनाया जाता है।

**भारत के अन्य प्रमुख स्थान जहाँ लोसार धूमधाम से मनाया जाता है-**

* लद्दाख (लेह, कारगिल)
* सिक्किम (गंगटोक, रुमटेक मठ)
* अरुणाचल प्रदेश (तवांग मठ, बौद्ध मठ)
* उत्तराखंड (देहरादून, मुनस्यारी, माणा गाँव)

लद्दाख और सिक्किम में बौद्ध अनुयायी इस पर्व को बड़े स्तर पर मनाते हैं, जहाँ पारंपरिक नृत्य, धार्मिक अनुष्ठान और जुलूस निकाले जाते हैं।

**दलाई लामा की भारत में भूमिका और लोसार का संदर्भ**

दलाई लामा तिब्बती बौद्ध धर्म के सबसे बड़े आध्यात्मिक गुरु हैं। वे 1959 में चीन के तिब्बत पर नियंत्रण के बाद भारत में शरण लेने आए और तब से धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में रह रहे हैं।

**भारत में उनकी भूमिका-**

**तिब्बती शरणार्थियों के संरक्षक-** भारत में बसे तिब्बती समुदाय के लिए वे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मार्गदर्शक हैं।

**बौद्ध धर्म के प्रचारक-** वे दुनियाभर में बौद्ध धर्म, अहिंसा और करुणा का संदेश फैलाते हैं।

**भारत-तिब्बत संबंधों के प्रतीक-** भारत में उनके होने से तिब्बत और भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत हुए हैं।

**लोसार पर विशेष संबोधन-** हर वर्ष लोसार पर वे तिब्बती समुदाय को संदेश देते हैं और विश्वभर के लिए शांति की कामना करते हैं।

हालाँकि, चीन दलाई लामा की भारत में उपस्थिति को संदेह की दृष्टि से देखता है और इसे चीन-भारत संबंधों में संवेदनशील मुद्दा मानता है। लोसार न केवल तिब्बतियों के लिए बल्कि पूरे हिमालयी बौद्ध समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। भारत में तिब्बती समुदाय ने इसे अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने का माध्यम बना लिया है। दलाई लामा की उपस्थिति इस पर्व को और भी विशेष बना देती है। भारत में तिब्बती समुदाय के संरक्षण और उनके सांस्कृतिक पर्वों के सम्मान से यह स्पष्ट होता है कि भारत विविध संस्कृतियों को स्वीकार करने वाला देश है।लोसार सिर्फ एक नववर्ष नहीं, बल्कि तिब्बती परंपराओं, आध्यात्मिकता और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

**तिब्बती नववर्ष (लोसर) के शुभ अवसर पर लिंग रिनपोछे और परम पावन दलाई लामा की भेंट**

तिब्बती नववर्ष (लोसर) के पावन अवसर पर, परम आदरणीय लिंग रिनपोछे ने परम पावन 14वें दलाई लामा से एक विशेष भेंट की। इस गहन और हृदयस्पर्शी मुलाकात के दौरान, लिंग रिनपोछे ने परम पावन के दीर्घायु होने की प्रार्थना करते हुए निवेदन किया कि वे समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए यथासंभव लंबे समय तक इस संसार में विराजमान रहें।

**उन्होंने श्रद्धापूर्वक प्रार्थना की-**

जीवन-जीवनांतर तक, बिना किसी व्यवधान के, जब तक मैं पूर्ण बोधिसत्व अवस्था तक नहीं पहुंच जाता, तब तक मैं आपके पवित्र सान्निध्य, मार्गदर्शन और आशीर्वाद से कभी वंचित न रहूं। मैं सदैव आपकी अमूल्य शिक्षाओं का पूर्ण रूप से पालन करने में सक्षम रहूं। परम पावन दलाई लामा ने लिंग रिनपोछे की इस हृदयपूर्ण प्रार्थना को सहर्ष स्वीकार किया।

यह पावन क्षण नए वर्ष की एक शुभ शुरुआत को चिह्नित करता है और परम पावन दलाई लामा एवं लिंग रिनपोछे के मध्य अटूट आध्यात्मिक संबंध को और सुदृढ़ करता है।

**समस्त प्राणियों के कल्याण हेतु, ये प्रार्थनाएँ शीघ्र पूर्ण हों!**

## रेजिडेंशियल संपत्तियों पर कमर्शियल टैक्स का विरोध, व्यापार मंडल के दबाव पर मिला आश्वासन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नगर पालिका द्वारा रेजिडेंशियल संपत्तियों पर कमर्शियल टैक्स लगाए जाने के प्रस्ताव का भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने कड़ा विरोध किया। मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने नगर पालिका की बैठक में अपनी आपत्ति दर्ज कराई और स्पष्ट किया कि यह फैसला आम नागरिकों के लिए आर्थिक बोझ बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि कई बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर लोग अपनी आजीविका के लिए अपने घर का एक हिस्सा किराए पर देते हैं, लेकिन इसे व्यावसायिक श्रेणी में रखना गलत है। बैठक में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से आग्रह किया कि रेजिडेंशियल संपत्तियों पर कोई कमर्शियल टैक्स न लगाया जाए। व्यापार मंडल का तर्क था कि यदि कोई व्यक्ति अपने आवासीय घर में छोटे स्तर पर किरायेदार रखता है, तो उसे व्यावसायिक संपत्ति की श्रेणी में नहीं गिना जाना चाहिए। इस नीति के कारण वे लोग सबसे अधिक प्रभावित होंगे, जो पहले से ही आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। व्यापार मंडल के मजबूत विरोध को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि रेजिडेंशियल संपत्तियों पर कमर्शियल टैक्स नहीं लगाया जाएगा। इस निर्णय से उन नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी, जो अपने घर का एक भाग किराए पर देकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने की कोशिश कर रहे थे। इस बैठक में जिला महामंत्री संजय गोयल, जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष रईस अब्बासी, जिला कोषाध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, जिला मंत्री साजिद गाजी, आदिल चौधरी, जिला युवा अध्यक्ष गुफरान गाजी, नगर अध्यक्ष तुषार अग्रवाल सहित कई व्यापारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे। व्यापार मंडल के इस हस्तक्षेप को शहर के नागरिकों ने सराहा और इसे जनहित में एक बड़ी सफलता करार दिया।

## बामनपुर में पीडीए जन पंचायत का आयोजन, समाज की एकजुटता पर दिया जोर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव बामनपुर में लोधी, जाटव और मुस्लिम समाज के लोगों के लिए पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बलजीत सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मुकेश शर्मा मौजूद रहे। मुकेश शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे गांव-गांव जाकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज को जागरूक करेंगे और 2027 में समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और संविधान की रक्षा पर जोर दिया और समाज के लोगों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जोगेंद्र पोसवाल, शिवम राघव, गौरव कुमार, कपिल ठाकुर, यासीन मलिक, बॉबी ठेकेदार, अनुज लोधी, बिनामी कुमार, चंद्रभान सिंह, सुखबीर सिंह, पप्पन ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पीडीए समाज के लोगों को एकजुट करना और उनके हक-अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता फैलाना था। पंचायत में मौजूद लोगों ने समाज की मजबूती के लिए संकल्प लिया और भविष्य में अपने हक के लिए संगठित होकर कार्य करने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम से पीडीए समाज के लोगों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ, जिससे उन्हें अपने अधिकारों की लड़ाई में मजबूती मिलेगी।

## होली से पहले मिलावटखोरों पर शिकंजा, खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी में पकड़ी गई गड़बड़ियां








उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने कई जगह छापेमारी कर मिलावटी खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। खुर्जा तहसील के ग्राम औरंगा स्थित कान्हा डेयरी पर छापा मारा गया, जहां पनीर में रिफाइंड पामोलीन तेल की मिलावट की जा रही थी। मौके पर ही 200 लीटर दूध नष्ट किया गया और 2 दूध, 2 पनीर व 1 रिफाइंड पामोलीन तेल के नमूने जांच के लिए भेजे गए। इसी तरह, बायोमेड फूड्स प्रा. लि. फैक्ट्री, स्याना रोड सूरजपुर टीकरी पर छापा डालकर सरसों तेल की विभिन्न ब्रांडों में पैकिंग की जा रही सामग्री की जांच की गई। यहां से 9 नमूने लिए गए। अनूपशहर कस्बे के इमली बाजार में भी छापेमारी हुई, जहां मिठाई की तीन दुकानों से छैना रसगुल्ला, बर्फी और मैदा के 3 नमूने इकट्ठा किए गए। कुल 17 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। गंदगी और नियमों के उल्लंघन पर संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है। खाद्य सुरक्षा टीम को निर्देश दिए गए हैं कि होली के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए लगातार जांच जारी रखें। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज वर्मा, कमलेश कुमार, अमित कुमार गौतम, सनजीत कुमार, महेश कुमार, मुनेन्द्र सिंह राना, बिहारी लाल शुक्ला और सेनेट्री सुपरवाइजर भी शामिल रहे।

## नगर पालिका सभागार में व्यापारियों की बैठक, गृह कर और जल कर पर उठाए गए सवाल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नगर पालिका सभागार में 6 मार्च 2025 को व्यापारी सुरक्षा फोरम और नगर पालिका प्रशासन के बीच गृह कर और जल कर को लेकर बैठक आयोजित की गई। नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिला अध्यक्ष रविंद्र गोयल सहित अन्य व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक में व्यापारियों ने नगर पालिका द्वारा लगाए जा रहे गृह कर और जल कर को अनुचित बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की। व्यापारियों ने तर्क दिया कि जब कोई व्यक्ति प्लॉट खरीदता है, तो वह पहले से ही विभिन्न करों जैसे स्टाम्प ड्यूटी, गेन टैक्स, टीडीएस, इनकम टैक्स और जीएसटी का भुगतान करता है। इसके बाद मकान बनाने के लिए भी उसे कई सरकारी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। ऐसे में गृह कर और जल कर लगाना आम जनता और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। व्यापारियों ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि जहां कई राज्यों में सरकारें मुफ्त जल आपूर्ति का वादा कर रही हैं, वहीं बुलंदशहर जैसे क्षेत्र में, जहां जल की कोई कमी नहीं है, वहां नागरिकों से जल कर वसूला जा रहा है। उन्होंने मांग की कि नगर पालिका को जनता और व्यापारियों को गृह कर और जल कर से मुक्त कर एक सकारात्मक संदेश देना चाहिए। बैठक में व्यापारियों ने सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाए और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## रुपया पांच पैसे गिरकर 87.06 पर खुला

मुंबई । रुपया अपनी बढ़ती गति को बरकरार रखने में विफल रहा और गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे गिरकर 87.11 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। अस्थिर शेयर बाजारों और विदेशी कोषों की निकासी के बीच कमजोर अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों से धारणा को बढ़ावा नहीं मिला। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कनाडा और मेक्सिको पर उच्च शुल्क के कार्यान्वयन में देरी करने के अमेरिकी कदम के बीच स्थानीय मुद्रा को शुरुआत में समर्थन मिला। साथ ही, बैंकिंग प्रणाली में 1,900 अरब रुपये की तरलता डालने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले ने घरेलू मुद्रा को मजबूती दी। हालांकि, उन्होंने कहा कि अस्थिर शेयर बाजारों ने खेल बिगाड़ दिया और रुपये को नकारात्मक क्षेत्र में धकेल दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूती के साथ 86.96 पर खुला और 86.88 तक गया। हालांकि, जल्द ही यह शुरुआती बढ़त गंवाकर 87.11 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की बढ़त के साथ 87.06 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.30 पर कारोबार कर रहा था।


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा ने उमेश कौशिक एडवोकेट का किया स्वागत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत, जिला बुलंदशहर द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता श्री उमेश कौशिक (महासचिव, कलेक्ट बार) को आजीवन सदस्य के रूप में शामिल किया गया। महासभा के श्री एडवोकेट सुबोध शर्मा, पंकज शर्मा और शैलेंद्र शर्मा ने उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। संगठन ने विश्वास जताया कि उमेश कौशिक समाज की निस्वार्थ सेवा करेंगे और महासभा की जिम्मेदारियों को निभाते हुए ब्राह्मण समाज को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं और भगवान परशुराम से उनके दीर्घायु होने की प्रार्थना की गई। साथ ही, भोलेनाथ एवं माता पार्वती से उनके परिवार में सुख, समृद्धि और ऐश्वर्य बनाए रखने की कामना की गई। ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा ने इस अवसर पर समाज को संगठित रखने और सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## डिबाई पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी को अवैध चाकू सहित किया गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। जिले की डिबाई पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध चाकू भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी नागेन्द्र सिंह राघव, निवासी ग्राम दौरऊ, थाना डिबाई, जनपद बुलंदशहर का रहने वाला है। यह आरोपी थाना डिबाई में पंजीकृत मुकदमा संख्या 132/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। इसके अलावा, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डिबाई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुअस- 142/25 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी रवि रतन सिंह, उपनिरीक्षक कृष्णचंद सोनकर, कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह और कांस्टेबल प्रिंस शर्मा शामिल रहे।

## बुलंदशहर पुलिस ने 04 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। जनपद बुलंदशहर में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज 06 मार्च 2025 को स्वाट टीम देहात और थाना डिबाई पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 04 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 132 डीआई पाइप, चोरी की 02 मोटरसाइकिल और अवैध असलहा व कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे चोरी की गई मोटरसाइकिलों का उपयोग अपराध करने के लिए करते थे और पकड़े जाने से बचने के लिए उनकी नंबर प्लेट बदल देते थे। ये आरोपी पहले भी कई चोरी की वारदातों में शामिल रह चुके हैं। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों के खिलाफ थाना डिबाई में शस्त्र अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

## बुलंदशहर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ित को वापस दिलाए 22,000 रुपये




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर के सिकंदराबाद थाना पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित को न्याय दिलाते हुए उनके बैंक खाते में 22,000 रुपये वापस कराए। पीड़िता सुशीला शर्मा ने 10 अक्टूबर 2024 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने फोन-पे के माध्यम से उनके खाते से पैसे निकाल लिए थे। थाना सिकंदराबाद की साइबर हेल्प डेस्क ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए अथक प्रयास किए और पीड़िता के खाते में ठगी की गई पूरी राशि वापस कराई। सफलता मिलने पर सुशीला शर्मा ने सिकंदराबाद पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया। सावधान रहें- किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपना बैंक खाता नंबर, पिन, ओटीपी, सीवीवी साझा न करें। यदि आपके खाते से धोखाधड़ी से पैसे निकल जाएं, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें।

# बुलन्दशहर में आबकारी दुकानों के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। जिला प्रदर्शनी मैदान स्थित रविन्द्र नाट्यशाला में आज आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन हेतु वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम चरण की ई-लॉटरी का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रक्रिया का नेतृत्व मेरठ मंडल के आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद एवं जिलाधिकारी श्रुति ने किया। ई-लॉटरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संचालित की गई, जिसमें निर्धारित नियमों का पूरी तरह पालन किया गया। आबकारी विभाग के अनुसार, देशी शराब की 230 दुकानों में से 226 दुकानों के लिए कुल 2143 आवेदन प्राप्त हुए थे। भांग की 14 दुकानों में से 11 दुकानों के लिए 42 आवेदन आए, जबकि कम्पोजिट शॉप की 168 दुकानों के लिए 2107 आवेदन और 8 मॉडल शॉप के लिए 93 आवेदन दर्ज किए गए थे। प्रथम चरण की ई-लॉटरी के माध्यम से देशी शराब की 226, भांग की 11, कम्पोजिट शॉप की 168 और मॉडल शॉप की 8 दुकानों का सफलतापूर्वक आवंटन किया गया। कुल 420 दुकानों में से 413 दुकानों का व्यवस्थापन संपन्न हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी एवं आवेदनकर्ता उपस्थित रहे। इस संपूर्ण प्रक्रिया का संचालन निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ किया गया।

## विधानसभा में उठा औरंगाबाद नगर पंचायत की सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का मामला

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिले की औरंगाबाद नगर पंचायत में भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का मामला विधानसभा में गूंजा। अनूपशहर के विधायक संजय शर्मा ने विधानसभा में नियम 301 के तहत यह मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि स्थानीय राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी जमीनों को खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि अवैध कब्जों को मुक्त कराया जाए और दोषी अधिकारियों व भूमाफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए। विधायक ने कहा कि औरंगाबाद नगर पंचायत में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, जिससे क्षेत्र में सरकारी भूमि लगभग समाप्त हो गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब भी जांच होती है, तो लेखपाल भू-अभिलेखों में हेराफेरी कर सरकारी भूमि का क्षेत्रफल कम दिखा देते हैं और निजी भूमि को बढ़ा-चढ़ाकर दर्शाते हैं। इसके अलावा, श्रेणी आठ की भूमि के अवैध बैनामे भी कराए गए हैं, जो पूरी तरह गैरकानूनी हैं। विधायक संजय शर्मा ने सरकार से मांग की कि 1359 फसली के समय की सरकारी जमीनों के सभी गाटा संख्याओं की स्थिति की जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। उनकी इस मांग पर विधानसभा सचिवालय के विशेष सचिव मोहम्मद मुशाहिद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तीस दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और भूमाफियाओं के खिलाफ क्या सख्त कदम उठाए जाते हैं।

# अगौता में ग्राम पंचायत सचिवालय और ओपन जिम का लोकार्पण












उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिले के अगौता ब्लॉक में ग्राम पंचायत सचिवालय और ओपन जिम का भव्य लोकार्पण किया गया। ब्लॉक प्रमुख रेनू आदेश चौधरी ने फीता काटकर इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चहुंमुखी विकास में जुटी हुई है, वहीं अगौता ब्लॉक में ट्रिपल इंजन की ताकत से क्षेत्र के विकास को नई गति दी जा रही है। लोकार्पण समारोह में ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम अगौता में बने ओपन जिम और बाउंड्री वॉल का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत की ओर से अन्य गांवों में भी ओपन जिम बनाए जाएंगे ताकि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चलते हुए समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।

समारोह स्थल पर पहुंचने पर ग्राम प्रधान सुखपाल सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने सभी को विकास कार्यों के प्रति आश्वस्त किया और समर्पित भाव से कार्य करने का वादा किया।

## नगर पालिका की अनदेखी, दोयम दर्जे की ईंटों से हो रहा नाले का निर्माण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



शिकारपुर (रिशू कुमार)। नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये की लागत से बनाए जा रहे नाले में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। ठेकेदार और नगर पालिका की मिलीभगत से पीली दोयम दर्जे की ईंटों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इस लापरवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लेकिन नगर पालिका के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। शिकारपुर के अग्रसेन चौक पर बन रहे इस नाले में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में दोष साबित हुआ तो ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या वास्तव में कोई कार्रवाई होती है या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## श्री दिगम्बर दत्त वशिष्ठ जी महाराज ने होली पर दी शुभकामनाएं, की स्वच्छ एवं संस्कारी होली मनाने की अपील



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (अंकित पंडित)। होली के शुभ अवसर पर प्रख्यात कथा प्रवक्ता परम श्रद्धेय श्री दिगम्बर दत्त वशिष्ठ जी महाराज ने सभी देशवासियों से आग्रह किया कि इस पावन पर्व को स्वच्छता और प्रेम के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि होली आनंद और उल्लास का पर्व है, इसे गंदी होली खेलकर या किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करके दूषित न करें। महाराज श्री ने सभी से अच्छे-अच्छे पकवान बनाने और पारिवारिक वातावरण में प्रेमपूर्वक होली मनाने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि यह पर्व भक्तराज प्रह्लाद की भक्ति और निष्ठा का प्रतीक है, जिसे हमें पूरे श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाना चाहिए। होलिका दहन के पश्चात जौ के दाने वितरण करते हुए 'राम-राम' का उच्चारण करने की परंपरा का पालन करने की भी अपील की। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ इस मांगलिक उत्सव को मनाने का संदेश दिया।

## विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात, क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर/लखनऊ (हितेश शर्मा)। सिकंदराबाद विधानसभा के विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। विधायक ने सिकंदराबाद में एक महिला डिग्री कॉलेज, आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल और युवाओं के लिए स्टेडियम की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही, चोला क्षेत्र के किसानों के लिए चोला अधिकरण मामले के निस्तारण और जेवर रोड स्थित श्मशान घाट के निर्माण को लेकर भी मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने बताया कि सिकंदराबाद के सुखसरोज होटल, जेवर रोड पर श्मशान घाट की भूमि उपलब्ध होने के बावजूद स्थानीय विवाद के कारण इसका निर्माण नहीं हो सका। हालांकि, अब इस विवाद का समाधान संभव है, इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री से अधिकारियों को निर्देशित करने की अपील की ताकि श्मशान घाट का निर्माण जल्द से जल्द कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने विधायक की मांगों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही इन विकास कार्यों को गति मिलेगी और सिकंदराबाद में सुविधाओं का विस्तार होगा।

## विकसित भारत में जातिवाद का कोई स्थान नहीं- अमर सिंह महाविद्यालय में संगोष्ठी संपन्न







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिले के अमर सिंह महाविद्यालय, लखावटी में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) तृतीय इकाई द्वारा विकसित भारत की परिकल्पना में जातिवाद की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में वक्ताओं ने जातिवाद को देश की प्रगति में बाधक बताते हुए इसके उन्मूलन पर जोर दिया। गोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जातिवाद बेहद घातक है और इसके रहते विकसित भारत की परिकल्पना संभव नहीं है। इसके बाद छात्रों ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया और संगोष्ठी का औपचारिक आयोजन हुआ। राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि जातिवाद समाज में द्वेष, भेदभाव और अनावश्यक प्रतिस्पर्धा को जन्म देता है। इससे व्यक्ति अपनी जाति तक सीमित होकर रह जाता है और राष्ट्रहित उपेक्षित हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जाति-व्यवस्था निम्न वर्ग के लोगों के वित्तीय और सामाजिक विकास में बाधा बनती है, जिससे समाज में व्यापक परिवर्तन लाना कठिन हो जाता है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर. चंद्रा ने कहा कि जातिवाद लोकतंत्र के लिए भी घातक है, क्योंकि यह समता और समानता के सिद्धांतों के विपरीत कार्य करता है।

उन्होंने संगोष्ठी के सफल आयोजन पर अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

संगोष्ठी में स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार साझा किए और जातिवाद मुक्त समाज की आवश्यकता पर बल दिया।

## बुलंदशहर में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत आज दिनांक 06 मार्च 2025 को जनपद बुलंदशहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो पुलिस टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 शामिल हैं। इसके अलावा, पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के टिप्स, गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर महिलाओं और बालिकाओं को सतर्क और जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करना और उन्हें सशक्त बनाना है।

## होली पार्क में सुविधाओं की मांग, पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। आगामी होली पर्व को देखते हुए नगर के प्राचीन होली पार्क में सुविधाओं की मांग को लेकर सभासद व मंडल महामंत्री अनिमेश अगस्तीन एडवोकेट ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में होली पार्क की रंगाई-पुताई, महिलाओं के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सजावट की मांग की गई है। पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया और अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान ने सभी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

# 128 वें बलिदान दिवस पर पं.लेखराम को दी श्रद्धांजलि

## शुद्धि आन्दोलन की भेंट चढ़ गए पंडित लेखराम - प्रवीण आर्य




## धर्मान्तरण को रोकना ही पं.लेखराम को श्रद्धांजलि -राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद । केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में अमर शहीद,रक्त साक्षी पं. लेखराम आर्य मुसाफिर के 128 वें बलिदान दिवस पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।उल्लेखनीय है कि एक धर्मान्ध मुसलमान द्वारा शुद्धि अभियान से रूष्ट होकर 6 मार्च 1897 को लाहौर में छुरा मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि सत्यनिष्ठ,धर्मवीर,आत्म बलिदानी पं. लेखराम अडिग ईश्वर विश्वासी,महान मनीषी,स्पष्ट निर्भीक वक्ता,आदर्श धर्म प्रचारक,त्यागी तपस्वी गवेषक,अच्छे लेखक थे। धर्मान्तरण रोकने और धर्मान्तरित लोगों की घर वापसी व शुद्धि करण के लिए ही पण्डित लेखराम ने अपना जीवन आहूत कर दिया और उनकी हत्या कर दी गई।पं.लेखराम ने महर्षि देव दयानन्द जी का जीवन चरित्र लिखने के लिए पूरे देश में घूम घूम कर प्रमाण एकत्रित किए।आज जब देश में दलित हिन्दु वर्ग का धर्मान्तरण ईसाई मिशनरियों द्वारा पूरे जोरों से किया जा रहा है तो हमारी पं. लेखराम को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि आज देश में धर्मान्तरण को रोकने के लिए सबको पूर्ण प्रयास करना होगा।उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि हिन्दु धर्म की रक्षा के लिए अनेकों लोगों ने बलिदान दिये,उनमें पं. लेखराम का नाम गर्व से लिया जाता है।उन्होंने हिन्दुओं को मुसलमान बनाने के कार्य को रोका व किसी कारण धर्म परिवर्तन कर चुके हिन्दुओं के लिए यज्ञ द्वारा शुद्ध करके घर वापसी का मार्ग प्रशस्त किया।उनका पूरा जीवन वेद प्रचार व शुद्धि आंदोलन के लिए समर्पित रहा।आज उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर हिन्दु समाज को संगठित करने की आवश्यकता है तभी आने वाली बाधाओं से मुकाबला कर सकते हैं। आचार्य महेन्द्र भाई ने भी शुद्धि आंदोलन को राष्ट्र हित में प्रभावी बताया।उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को हिन्दू धर्म के योद्धाओं के इतिहास को बतलाने की आवश्यकता है और घर वापसी के अभियान चलाने की आवश्यकता है। पूर्व मेट्रो पोलेटिन मैजिस्ट्रेट ओम सपरा ने कहा कि पं. लेखराम ने महर्षि दयानन्द की वैदिक मान्यताओं, सिद्धान्तों व उद्देश्यों के प्रचार को ही अपने जीवन का उद्देश्य बनाया था और अपनी योग्यता व पुरुषार्थ से वैदिक धर्म की महत्वपूर्ण सेवा व रक्षा की,उन्होंने अपने आगे पीछे कपड़े पर आर्य समाज के नियम लिखकर टांग रखे थे।सम्पूर्ण आर्य जगत् व सभी वैदिक धर्मी उनकी सेवाओं एवं बलिदान के लिए सदा-सदा के लिए ऋणी व कृतज्ञ हैं।उनके बलिदान ने यह सिद्ध कर दिया कि वैदिक धर्म के विरोधियों के पास वेद और आर्यसमाज के सिद्धान्तों की काट व उनका उत्तर नहीं है।आज फिर से पं.लेखराम जैसे वीरों की आवश्यकता है जो शास्त्रार्थ से वेद विरुद्ध बातों का युक्ति युक्त उत्तर दे सकें और विधर्मी हुए लोगों को शुद्ध करके वापिस हिन्दू धर्म में दीक्षा दे सकें। कार्यक्रम अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि धर्मवीर पण्डित लेखराम ने अपनी नश्वर देह का त्याग करते हुए आर्यो को यह सन्देश दिया था, "तकरीर व तहरीर से प्रचार का कार्य बन्द न हो।卐 आज आर्यों को उनकी इस वसीयत को पूरा करना है,तभी भविष्य में वेदाज्ञा 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' चरितार्थ हो सकता है। गायिका प्रवीण आर्या पिंकी, अनिता रेलन, कृष्णा पाहुजा,राजेश मेहन्दी रत्ता, सुदेश आर्या आदि के मधुर भजन हुए।

# उत्तर प्रदेश के परती भूमि विकास विभाग के अधिकारी हीरा लाल का हापुड़ दौरा संपन्न



**संवाददाता अरुण चौधरी**

हापुड- उत्तर प्रदेश शासन के नोडल एजेंसी परती भूमि विकास विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीरा लाल ने जनपद हापुड़ का भ्रमण कार्यक्रम जलागम समिति वझीलपुर में संपन्न हुआ इस दौरान उनके द्वारा जलागम समिति पर बैठक की गई जिसमें समिति के सचिव ग्राम प्रधान राजू सैनी, भूमि संरक्षण अधिकारी भूपेंद्र सिंह,उप कृषि निदेशक राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष व प्रगतिशील किसान ज्ञानेन्द्र त्यागी व अन्य विभागों के क्रमचारी उपस्थित थे, इस दौरान उन्होंने योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा लाभार्थियों का सत्यापन भी किया उनके द्वारा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों में ग्राम धनौरा में यात्री शैड का निर्माण कार्य तथा ग्राम वझीलपुर में अमरुद बाग रोपण,ग्राम खड़खड़ी में जल निगम की टंकी के पास वाले तालाब के जीणोद्धार,व ग्राम मुरादपुर में काली नदी के तट पर बने हुए पेरीफेरल बंदों का निरीक्षण किया तथा योजना में किसानों को अधिक से अधिक लोग दिलाने तथा नवोन्मेश करने के लिये प्रेरित किया साथ ही भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि जो किसान फूलों फलों अच्छी खेती कर रहे हैं उनको प्रेरित व प्रयास कर क्लस्टर के रूप में डेवलप कराए ताकि किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो यदि कोई ग्रुप के माध्यम व कृषक समूह के माध्यम से संगठित होकर प्रशिक्षण भी करना चाहते हैं उनके प्रशिक्षण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाये, भ्रमण के दौरान किरोड़ीमल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ0 रूपिंदर ओबरॉय,वाटरशेड कमेटी के तकनीकी सहायक विनोद कुमार,तकनीकी सहायक हौसला प्रसाद, प्रावेधिक सहायक शेखर त्यागी कमेटी के सदस्य पंकज त्यागी,ब्रजभूण त्यागी,लाभार्थी कृषक व विभागीय क्रमचारी मौजूद थे

# थाना पिलखुवा पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 06 सदस्य गिरफ्तार





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। ( पुष्पेंद्र कुमार ) जनपद में अपराध नियंत्रण और वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया, जबकि दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई नौ मोटरसाइकिलें, एक स्कूटी और दो चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त एनसीआर क्षेत्र और अन्य जिलों में वाहन चोरी कर उनकी नंबर प्लेट बदलकर बेचते थे और इस तरह आर्थिक लाभ कमाते थे। इन शातिर वाहन चोरों के विरुद्ध गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और हापुड़ में वाहन चोरी से जुड़े करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। थाना पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान जटपुरा से पहले दतैड़ी जाने वाले रास्ते पर इन अपराधियों को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों में गुलजार पुत्र सलीम निवासी मुकीमपुर थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद, करन पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम ईशाकनगर थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद, सुबोध पुत्र मुकेश निवासी ग्राम खैरपुर खैराबाद थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ और जोगिंदर पुत्र अनिल कुमार निवासी मोहल्ला शिवाजीनगर कस्बा व थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ शामिल हैं। इनके साथ दो बाल अपचारियों को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस द्वारा बरामद वाहनों और मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और चोरी किए गए अन्य वाहनों की जानकारी जुटाने के लिए गहन जांच की जा रही है। हापुड़ पुलिस का यह अभियान अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए आगे भी जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र में चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

# समन्वय को बनाते हुए समस्याओं को जल्द निराकरण कराया जाये- सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष उपाध्याय

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



गाजियाबाद। जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष उपाध्याय की अध्यक्षता में राजस्व जिला गाजियाबाद के क्षेत्राधिकारी के अन्तर्गत आने वाले मैट्रो स्टेशनों से सम्बंधित समन्वय समिति की बैठक सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में आहूत हुई। बैठक के दौरान नगर निगम गाजियाबाद, लोक निर्माण विभाग, यातायात विभाग व समाज कल्याण विभाग से सम्बंधित 9 बिन्दुओं के निस्तारण पर विस्तार से विचार—विमर्श किया गया। नगर निगम से सम्बंधित शहीद स्थल, मोहन नगर व शहीद नगर में सफाई से सम्बंधित था, जिस पर मेट्रो प्रतिनिधियों ने बताया कि उक्त क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई हो रही है। वहीं शहीद नगर में फुटपाथ के क्षतिग्रस्त और अतिक्रमण होने की समस्या थी। सिटी मजिस्ट्रेट महोदय ने पीडब्लूडी व मैट्रो प्रतिनिधियों को संयुक्त निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। वहीं श्याम पार्क मैट्रो स्टेशन गेट सं.—2 के बाहर फेरीवालों/विक्रेताओं के कारण आवागमन की शिकायत थी, सम्बंधित अधिकारी ने अवगत कराया कि अभियान चलाकर उन्हें हटाते हैं किन्तु चलायमान होने के कारण पुन: वहीं खड़े हो जाते है। सिटी मजिस्ट्रेट महोदय ने निर्देशित किया कि उक्त के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएं। कौशाम्बी मेट्रो स्टेशन में नाला निर्माण होना है। जिसके लिए महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पीडब्लूडी व मैट्रों के प्रतिनिधि निरीक्षण करें, और स्थायी समाधान निकालें। इसके साथ ही शहीद स्थल, हिण्डन रिवर, मोहनगर व राजबाग में ई—रिक्शा/ऑटो आदि के द्वारा जाम लगा रहता है, जिस कारण यात्रियों को आवागमन में समस्या होती है। यातायात विभाग ने अवगत कराया कि उक्त के खिलाफ लगातार चालान व सीज़िंग की कार्यवाही की जाती है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ ई—रिक्शा पर नम्बर प्लेट भी नहीं होती है, जिस कारण समस्या आती है। सिटी मजिस्ट्रेट महोदय ने यातायात विभाग व आरटीओ को समन्वय बनाते हुए कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही चालान व सीज़िंग की कार्यवाही की रिर्पोट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। मैट्रो प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि शहीद स्थल, कौशाम्बी, वैशाली आदि स्टेशनों पर भिक्षुकों के कारण यात्रियों को समस्या होती है।

इस पर समाज कल्याण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास भिक्षुक गृह की व्यवस्था संचालित नहीं है। सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.संतोष उपाध्याय ने सभी अधिकारी और मैट्रों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय को बनाते हुए कार्य करें, सभी समस्याओं को जल्द निराकरण कराया जायेगा।

बैठक में श्री एसपी मिश्र अधिशासी अधिकारी नगर निगम, श्री रामराजा ईई पीडब्लूडी, श्री ओमपाल सिंह, श्री राममिलन ट्रेफिक पुलिस, श्री आरसी श्रीवास्तव मैट्रो प्रतिनिधि, श्री तनुज गुप्ता मैट्रो प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एस० एस० वी० उच्चतर महाविद्यालय में लगाया गया जागरूकता शिविर

## स्काउट ऐंड गाइड शिविर में दी क्षय रोग की दी जानकारी





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी जी के कुशल निर्देशन एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में एस0 एस0 वी0 उच्चतर महाविद्यालय हापुड़ में भी,एंड b.Ed विभाग द्वारा आयोजित स्काउट एंड गाइड शिविर में क्षय रोग विभाग द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को क्षय रोग के लक्षण जैसे दो सप्ताह से अधिक की खांसी, खांसी में बलगम का आना, बलगम में खून का आना छाती में दर्द रहना हल्का बुखार रहना भूख कम लगना रात में सोते समय कमर में पसीना आना एवम् शरीर में गांठ इत्यादि हो जाना के विषय में बताया गया छात्र/छात्राओं को बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को इन लक्षण में से कोई भी लक्षण आता

तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर अपनी जांच कराएं सभी स्वास्थ्य केंद्र पर सभी जांच एवम् उपचार निःशुल्क उपलब्ध है व भारत सरकार द्वारा टी0 बी0 रोगियों को एक हजार रुपए प्रति माह निश्चय पोषण योजना के अंतर्गत दिया जाता हैं 1 जनवरी 2025 से सौ दिवसीय सघन टी0 बी0 खोजी अभियान समस्त उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसमें सभी उच्च जोखिम वाली जनसंख्या को स्क्रीन किया जा रहा है जिसमें जनपद की 20% आबादी को चयन किया गया है इन सभी 20% उच्च जोखिम वाली जनसंख्या को स्क्रीन कर इनके टेस्ट कराए जा रहे हैं

इस कार्यक्रम का समापन 24 मार्च 2025 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर किया जाएगा इस अवसर पर एस0 एस0 वी0 उच्चतर महाविद्यालय के बीएड विभाग के एच ओ डीHOD डॉ सुधीर कुमार शर्मा, डॉ कुलदीप कुमार शर्मा, डॉ सविता तनेजा, डॉ शिखा गोयल, डॉ सीमा शर्मा, डॉ रजनी अग्रवाल, डॉ वंदना वशिष्ठ व जिला संगठन आयुक्त स्काउट प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हापुड़ के सिपाही धर्मेंद्र यादव ने ऑल इंडिया पुलिस पायलट टी-20 टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**




जनपद हापुड़ के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव ने जालंधर (पंजाब) में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस पायलट टी-20 टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जनपद हापुड़ के पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रोत्साहन स्वरूप मेडल पहनाकर धर्मेंद्र यादव का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

यह उपलब्धि न केवल जनपद हापुड़ पुलिस के लिए गर्व का विषय है, बल्कि इससे अन्य पुलिसकर्मियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। धर्मेंद्र यादव ने अपनी मेहनत और खेल प्रतिभा से पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश पुलिस टीम की ओर से उनके योगदान को सराहा गया और भविष्य में भी ऐसे प्रदर्शन की उम्मीद जताई गई। खेलों में पुलिसकर्मियों की भागीदारी न केवल उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी बढ़ावा देती है। धर्मेंद्र यादव की इस सफलता से जनपद हापुड़ में खेलों के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ेगा।

# आरवी सैन ने तीर्थ नगरी बृजघाट का किया नाम रोशन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) जनपद के बृजघाट निवासी आरवी सैन पुत्री जितेंद्र वर्मा ने उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में खेली गई राज्य स्तरीय प्रदेश ग्रामीण खेल लीग फुटबॉल प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान किया है और आरवी सैन पुत्री जितेंद्र वर्मा ने समिति टीम की सदस्य ने माँ गंगा कि आरती की तत्पश्चात गंगा सभा के संचालक कपिल शर्मा व गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने फूल मला व पटका पहनाकर स्वागत किया। डीएम स्पोर्ट अकेडमी मे कोचिंग कर रही आरवी सैन ने अपने कोच का धन्यवाद किया गंगा सेवा समिति अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने कहा की टीम की सबसे छोटी बच्ची ने फुट बॉल मैच मे अच्छा प्रदर्शन किया तथा छेत्र और तीर्थ नगरी का नाम रोशन किया और कहा की मे इसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं तथा मां गंगा से प्रार्थना करता हूं कि प्रदेश व देश का नाम रोशन करें. मौके पर अध्यक्ष अशोक नागर, महामंत्री विष्णु दत्त नागर कोषाध्यक्ष संजय रस्तोगी मनोज तिवारी प्रकाश पांडेय अमित मिश्रा जितेंद्र वर्मा मोनू शर्मा आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

# हापुड़ में 252 शराब दुकानों का ई-लॉटरी से आवंटन, 3002 आवेदन प्राप्त, सूची ऑनलाइन और नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध।





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) जनपद में विभिन्न श्रेणियों में शराब की 252 दुकानों के लिए 3002 आवेदन आए हैं, दुकानों के आवंटन के लिए ब्रहमादेवी स्कूल के हॉल में जिले के नोडल अधिकारी के रविन्द्र नायक प्रमुख सचिव के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में नामित सदस्य सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन मेरठ, जिला आबकारी अधिकारी की संयुक्त समिति ने जनपद की 243 देशी मदिरा दुकानों में से 241 दुकानों, समस्त 104 कम्पोजिट दुकानों,7 माडल शाप दुकानों समेत 254 दुकानों में से 252 दुकानों का व्यवस्थापन ई लाटरी के माध्यम से सकुशल संपन्न कराया गया। आबकारी विभाग ई-लाटरी के माध्यम से शराब की दुकानों (लाइसेंस) का आवंटन कर रहा है। इसलिए लाइसेंस लेने वालों की संख्या बहुत अधिक है। जिले में 252 दुकानों के लिए 3002 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन दुकानों में कंपोजिट की 104 दुकानों के लिए 1515 फार्म, 141 देशी शराब की दुकानों के लिए 1402 और सात माडल शॉप के लिए 85 आवेदन आए हैं। चयनित दुकानों को ई-लाटरी के माध्यम से आवंटित किया गया। सभी सफल आवंटियों का नाम माइक से बोल बोल कर पढा गया। आवंटी सूची को वेबसाइट https://hapur.nic.in/ पर भी अपलोड कर दिया गया है साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है द्य ई लाटरी का आयोजन ब्रह्मा देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर हापुड़ में कराया गया कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी विभाग के निरीक्षकगण मौजूद रहे द्य जनपद में व्यवस्थापन के लिए शेष रह गयी 2 देशी मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन द्वितीय चरण में किया जाएगा जिसकी जानकारी विभाग के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकती हैं।

# एकता किसान यूनियन ( शक्ति संगठन ) में कय्यूम कुरैशी को बनाया जिला अध्यक्ष ( मजदूर मोर्चा )

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) एकता किसान यूनियन शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ यादव की संस्तुति से जिला कार्यालय सिकंदर गेट टंकी पर जिला अध्यक्ष खालिद जिलानी के द्वारा क़य्यूम कुरैशी को जिला अध्यक्ष मजदूर मोर्चा नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष मजदूर मोर्चा बनने पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कय्यूम कुरैशी को शुभकामनाएं व बधाई दी ।कय्यूम कुरैशी ने कहा कि मैं सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।मैं संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा व संगठन के द्वारा मजदूरों और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करता रहूंगा। इस अवसर पर माननीय जिला अध्यक्ष कादिर जिलानी , युवा जिला अध्यक्ष डॉक्टर अब्दुल कादिर, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोबीन सैफी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनिल कुमार गुप्ता , नगर अध्यक्ष यूसुफ चौधरी , नगर अध्यक्ष युवा अफजाल, मेरठ मंडल अध्यक्ष शहजाद, नगर अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ किठौर, जिला युवा महासचिव मोहम्मद रिजवान, जिला महासचिव फैजान, जिला महासचिव सिराज ,जिला युवा उपाध्यक्ष आफताब राणा, नगर सचिव आरिफ, मुरसलीन ,बल्लू कुरैशी, महबूब कुरैशी ,डॉक्टर सोनू ,डॉक्टर अफजाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी गुफरान करीम आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने किया थाना बहादुरगढ़ का वार्षिक निरीक्षण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

जनपद हापुड़ के अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर द्वारा थाना बहादुरगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गार्द की सलामी ली गई, जिसके पश्चात थाना कार्यालय के अभिलेख, अपराध रजिस्टर, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक, मैस, मालखाना, बंदीगृह, शस्त्रागार आदि का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की भी जांच की और नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना स्टाफ को अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की हिदायत दी, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# पूर्व विधायक गुड्डू पंडित की पत्नी से ब्लैकमेलिंग का मामला, जांच शुरू



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। पूर्व विधायक गुड्डू पंडित की पत्नी अर्चना पांडे से ब्लैकमेलिंग के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले की शिकायत पूर्व विधायक गुड्डू पंडित के भाई मुकेश पंडित ने एसएसपी से की थी। शिकायत के आधार पर एसएसपी ने मामले की जांच का जिम्मा सीओ सिकंदराबाद पूर्णिमा सिंह को सौंपा है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रयागराज के मशहूर लोक संगीतकार का निधन- रामलीला में व्यास की भूमिका निभाते थे राम दुलार मौर्य, लंबी बीमारी से ग्रस्त थे



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।उतराव गांव के प्रसिद्ध लोक संगीतकार राम दुलार मौर्य का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। वे अपनी कोकिला जैसी आवाज के लिए जाने जाते थे।राम दुलार मौर्य छह भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। वे एक कुशल वैद्य भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया था। वे बचपन से ही संगीत के माध्यम से लोगों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करते थे।क्षेत्र में उनकी विशेष पहचान थी। वे स्थानीय रामलीला में व्यास की भूमिका निभाते थे। उनकी मधुर आवाज से दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे। उनके निधन से पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।उनके जाने से क्षेत्र को एक बड़ी क्षति हुई है। वे समाज के एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपनी कला और सेवा से लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया था।

## प्रयागराज महाकुंभ से सिंगरामऊ पहुंचा पवित्र गंगाजल-5000 लीटर जल का पहला टैंकर आया, श्रद्धालुओं में होगा वितरण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।महाकुंभ मेले से 5000 लीटर पवित्र गंगाजल का पहला टैंकर बुधवार को जौनपुर पहुंच गया है।अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने रूट चार्ट तैयार कर विभिन्न स्थानों पर इसे भेजने की व्यवस्था की है।महराजगंज थाना प्रभारी और स्टाफ ने उत्साह के साथ गंगाजल को प्राप्त किया। यह गंगाजल उन श्रद्धालुओं को दिया जाएगा, जो भीड़ के कारण महाकुंभ स्नान नहीं कर पाए थे।जल्द ही दो और टैंकर गंगाजल आने की उम्मीद है। इन टैंकरों के जल को बाकी थानों, पुलिस लाइन और फायर स्टेशन चौकिया जौनपुर में बांटा जाएगा।

## अंजना गांव में हादसा- डंफर की टक्कर से मैजिक उछलकर कैश वैन पर गिरी, दो ड्राइवर घायल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।सैदाबाद क्षेत्र के अंजना गांव में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। हंडिया की तरफ जा रहे एक डंफर ने मालवाहक मैजिक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मैजिक कई फीट ऊपर उछली। यह उछलकर सड़क के दूसरी तरफ जा रही कैश वैन के ऊपर जा गिरी।हादसे में मैजिक के चालक बबलू भारतीय और कैश वैन के ड्राइवर तारकेश्वर मिश्रा घायल हो गए। दोनों घायलों को एसआई एके साहनी ने तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनका इलाज जारी है। महुवाडीह गांव के रहने वाले बबलू भारतीय अंजना बाजार से सामान डिलीवर करके वापस लौट रहे थे। कैश वैन में मौजूद राजीव मिश्रा, ओमप्रकाश पांडेय, गार्ड मुंशी लाल और विजय नाथ मिश्रा बाल-बाल बच गए। प्रयागराज से हंडिया की तरफ जा रहे डंफर ने यह हादसा किया।

### प्रयागराज के संगम से लाया गया अमृत जल- शाहजहांपुर में डीएम-एसपी ने बुजुर्गों को किया वितरित-बोले-पुलिस वाहनों से और भी लाया जाएगा जल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।शाहजहांपुर पुलिस लाइन में संगम से लाए गए अमृत जल का वितरण किया गया। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शहर के बुजुर्गों को आमंत्रित किया गया था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश एस ने बुजुर्गों को अमृत जल की बोतलें वितरित कीं।
महाकुंभ के बाद सरकार ने संगम के अमृत जल को सरकारी वाहनों से विभिन्न जनपदों में भेजने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में पुलिस वाहन से अमृत जल को शाहजहांपुर लाया गया। सीओ सिटी ने भी सभागार में उपस्थित लोगों को अमृत जल वितरित किया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर पुलिसकर्मी संगम से अमृत जल लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि जनपद वासियों के बीच वितरण का कार्य शुरू हो गया है। आने वाले समय में और अधिक अमृत जल मंगवाकर वितरित किया जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
ब्यूरो ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा (मोहित पंडित)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी नरेंद्र गौतम द्वारा अपने पिताजी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम लुक्सर स्थित भाजपा नेता रविंद्र प्रधान के फार्महाउस पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश चंद शर्मा, पूर्व मंत्री एवं वर्तमान एमएलसी नरेंद्र भाटी, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, डॉक्टर सुरेश चंद्र, ग्राम बिरौंडी निवासी मनोज कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजवीर सिंह ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा, उन्होंने नरेंद्र गौतम के पिताजी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के आयोजकों ने राजवीर सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, जिसके लिए उन्होंने आभार प्रकट किया।

# समस्याओं के निदान हेतु ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र का पांडर में लगा दिव्य दरबार

### हमे दुख की भांति सुख में भी ईश्वर को याद करना चाहिए - जयशंकर महाराज



मोह माया से मुक्त होकर करें ईश्वर सेवा - जयशंकर महाराज

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बारा प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।बुधवार को जयकाला देवी स्कूल पांडर जसरा में ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र का दिव्य दरबार जयशंकर महाराज ने लगाया। मीडिया से बात करने पर उन्होंने बताया कि ईश्वर को मन में जगह देने मात्र से कष्ट दूर होते है, इसके लिए हमें हर तरह के मोह माया से दूर होकर ईश्वर की शरण में जाना होगा। हमे सुख की तरह दुख में भी ईश्वर को नहीं भूलना चाहिए, आज कल की युवा पीढ़ी से मै यही कहना चाहूंगा कि माता पिता की सेवा भी जरूर करें क्योंकि ईश्वर का दूसरा रूप माता पिता ही है। बता दें कि पूरे भारत देश में लगने वाला यह दिव्य दरबार प्रत्येक महीने कही न कही लगता ही है, जैसे ही भक्तों को जानकारी मिलती है अपनी सुविधा अनुसार भक्त दरबार में पहुंचते है और बिना किसी शुल्क के लाभ लेते है। दरबार में मरीजों से किसी भी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता। पांडर स्थित जयकाला देवी स्कूल के प्रबंधक दीपक त्रिपाठी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया और संचालन ज्ञानेंद्र पाठक ने किया।
दरबार में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार, दिल्ली, मुंबई, मिर्जापुर, चंदौली, बलिया, से मरीज पहुंचे थे। प्रमुख रूप से आनंद जायसवाल, नीरज केसरवानी, आलोक पाठक, अभय मिश्रा, सचिन श्रीवास्तव, दीपू पाठक, राम जी त्रिपाठी, सुधांशु मिश्रा, अविनाश त्रिपाठी, अतुल महाकाल, विनीत, शिवम, रवि, बिप्पू, प्रांजल, अरविंद, अनंत तिवारी, जानकी,राधिका, पार्वती, सुमन, गीता देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## प्रयागराज में 27 मार्च तक खोजे जाएंगे TB के मरीज- आशा, एएनएम की टीम घर-घर जाएगी, संभावित मरीजों की होगी सैंपलिंग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।प्रयागराज में TB यानी क्षय रोग के मरीजों की खोज के लिए विशेष अभियान शुरू हो गया है। 100 दिवसीय इस अभियान के तहत घर-घर जाकर टीम ऐसे मरीजों को चिह्नित करेगी जिनमे टीबी के लक्षण मिलेंगे उनकी सैंपलिंग कराई जाएगी और यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि संबंधित मरीज में टीबी बीमारी है या नहीं। यदि टीबी होने की पुष्टि होती है तो तत्काक उसका इलाज शुरू कराया जाएगा।इस संबंध में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. परवेज अख्तर ने बताया कि इस अभियान के लिए टीमें लगा दी गई हैं। जो घर-घर पहुंचकर मरीजों को चिह्नित करने का काम कर रही है। यह सघन टीबी अभियान स्वास्थ्य कर्मी, एनजीओ, आईईसी एवं जनभागीदरी के द्वारा चलाया जा रहा है। कुल जनसंख्या की 20% जनसंख्या में होगी जांचउन्होंने बताया कि प्रयागराज की कुल जनसंख्या 70,27,485 लाख का 20% यानी 14,05497 लाख से अत्यधिक संवेदनशील जनसंख्या में संभावित टीबी मरीजों की खोज करके उनकी जांच एवं उपचार किया जाएगा। इसके लिए ग्राम स्तर पर कार्यरत आशाओं के द्वारा घर-घर जाकर क्षय रोग के बारे में जागरूक किया जा रहा है। 60 वर्ष से अधिक, डायबिटिक, मदिरा सेवन करने वाले, धूम्रपान करने वाले, कुपोषण से ग्रसित लोग एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच के लिए भेजा जाता है। वहीं पर उनके बलगम/एक्स-रे के माध्यम से तथा चिकित्सक के द्वारा संभावित मरीज की टीबी के लिए क्लीनिकली जांच की जाती है।

## प्रयागराज में सिपाही समेत दो की मौत- डंपर ने दोनों को रौंदा, फतेहपुर में थी तैनाती, महाकुंभ ड्यूटी में आए थे



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।बुधवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। सहसों में तेज रफ्तार डंपर ने बुलेट सवार दो लोगों को रौंद दिया। हादसे में सिपाही समेत दो लोगों की मौत हो गई।हादसे के बाद हंगामा मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर एसआरएन अस्पताल भिजवा दिया। सिपाही की तैनाती फतेहपुर में थी। वह इन दिनों महाकुंभ ड्यूटी के लिए आया हुआ था। सिपाही की मौत की खबर पाकर पुलिस अधिकारी पहुंच गए। परिजनों को सूचना देकर प्रयागराज बुलाया गया है। सराय इनायत थाना क्षेत्र के सहसों इलाके में रात करीब आठ बजे एक डंपर निकल रहा था। इसी बीच बुलेट सवार दो लोग डंपर के बगल से निकलने लगे। डंपा की अचानक स्पीड बढ़ी और बुलेट चपेट में आ गई। बुलेट सवार दोनों लोग सड़क पर गिरे और पहिया की चपेट में आ गए। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में मुंगरा बादशाहपुर निवासी वीरेंद्र कुमार उर्फ बबलू की मौत हुई। 35 वर्षीय वीरेंद्र सिपाही था। वह फतेहपुर में तैनात था। इन दिनों उसकी ड्यूटी महाकुंभ में थी इसलिए वह प्रयागराज में ही रह रहा था। सिपाही के साथ बुलेट पर उसका दोस्त 22 वर्षीय प्रियांशु पुत्र राजमणि था।मुंगरा बादशहपुर के रहने वाले प्रियांशु की भी मौके पर ही मौत हो गई। वीरेंद्र और प्रियांशु ने सहसों चौराहे पर कुछ खरीदारी की थी। इसी के बाद दोनों मुंगरा बादशाहपुर जाने को निकले थे।

## शंकरगढ़ में फर्जी मेडिकल स्टोर, व पैथोलॉजी के खिलाफ चलेगा अभियान - डॉ. ए.के तिवारी




### शंकरगढ़ में अभियान चलाकर की जाएगी कड़ी कार्रवाई - डॉ. ए.के तिवारी सीएमओ प्रयागराज

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शंकरगढ़/प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य के आसपास में चल रहे फर्जी मेडिकल स्टोर तथा फर्जी पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्र पर अब सख्ती होने जा रही है । इसके लिए पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की योजना बना चुकी है । जल्द ही ऐसे मेडिकल स्टोरों तथा पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्रों पर कार्रवाई की जाएगी जो कि बिना लाइसेंस व पंजीयन के संचालित किए जा रहे हैं । शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास क्षेत्र में लगातार शिकायते प्राप्त हो रही है कि मेडिकल स्टोरों तथा पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्रों के पास लाइसेंस व पंजीयन नहीं है , जिन स्टोर स्वामियों के पास लाइसेंस व पंजीयन है वह तो ठीक है । लेकिन अनेक मेडिकल स्टोर ऐसे हैं जिनके पास लाइसेंस नहीं है , तथा वह भी मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे हैं । इसी प्रकार से शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास में कुछ निजी पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्र हैं जिनके पास लाइसेंस व पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं है तथा वह भी मरीजों का जांच कर रहे हैं । पिछले साल मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा शंकरगढ़ कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी कार्यवाही की गई तो वहां पर अनेक मामले ऐसे प्रकाश में आए हैं जो कि बिना किसी अनुमति तथा लाइसेंस के मेडिकल स्टोर तथा पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्र का संचालन कर रहे थे । जिससे कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी । इसी प्रकार की शिकायतें शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास क्षेत्र से भी प्राप्त हो रही है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए.के तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, औषधि निरीक्षक तथा पुलिस की एक संयुक्त टीम का गठन किया जा रहा है , जिसके द्वारा व्यापक तौर पर अभियान चलाया जाएगा जिसमें बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर तथा पैथोलॉजी एवं खून जांच केंद्र चलाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी ।

## प्रयागराज में टेंट खोलते समय करंट लगने से तीन मजदूरों की मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।फूलपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां करंट लगने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। दरअसल एक शादी समारोह के बाद वह टेंट खोल रहे थे। इस दौरान तीनों पास से गुजर रही बिजली तार की जद में आ गए। एक साथ तीन मजदूरों की मौत से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।ये घटना फूलपुर के गगेरा गांव का है। जहां बीते दिन विजय पटेल की बेटी की शादी दी। गुरुवार को मजदूर टेंट निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान पास से गुजरी बिजली तार की जद में तीन मजदूर आ गए। देखते ही देखते तीनों की मौत हो गई। तीनों मजदूर गुलहारिया गांव के रहने वाले थे। वहीं, इस हादसे के बाद मृतकों के परिजन और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। शादी वाले घर में भी मातम पसर गया। सूचना मिलने पर फूलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। शादी समारोह के दौरान करंट लगने से दो मजदूरों की मौत इससे पहले 1 मार्च को आजमगढ़ जिले के बरदह क्षेत्र में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बारात में बग्घी के साथ चल रहे दो मजदूरों की मौत हो गई जबकी दूल्हा बेहोश हो गया। इस घटना से बारात में भगदड़ मच गई।पुलिस ने बताया कि मेहनगर थाना क्षेत्र के कुसमीलिया गांव से बारात बरदह थाना क्षेत्र के भैसकुर गांव आनी थी। रास्ते में बारातियों के नाश्ता करने के बाद दूल्हा बग्घी पर बैठा जिसके बाद बारात भैसकुर गांव के लिए आगे बढ़ी। उसने बताया कि इस दौरान कुछ मजदूर सिर पर सजावटी लाइट वाला गमला लेकर चल रहे थे लेकिन गमला 11 हजार वोल्ट के तार से छू गया और गमले सहित बग्घी करंट की चपेट में आ गई। जिससे मेहनगर के जवाहर नगर वार्ड निवासियों गोलू (17) और मंगरु (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दूल्हा बेहोश हो गया।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में बड़ा फर्जीवाड़ा- मऊआइमा में 9 फर्जी कक्ष निरीक्षक गिरफ्तार, नकल कराने की थी योजना

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।मऊआइमा में यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा के दौरान एक बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है।
पुलिस ने 9 लोगों को फर्जी कक्ष निरीक्षक बनकर नकल कराने के प्रयास में गिरफ्तार किया है।घटना 4 मार्च को भोलानाथ रामसुख इंटर कॉलेज चकश्याम किरांव में हुई। प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की जांच में यह मामला सामने आया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी मऊआइमा और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं। इनमें अमित कुमार, सुप्रीम सिंह, अरविंद कुमार, संजीत कुमार, विवेक कुमार, रंजीत कुमार, पवन कुमार, शशिकांत और चंद्रशेखर शामिल हैं। सभी के पास से फर्जी परिचय पत्र बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में धारा 319(2), 318 (4), 61(2)(a) भारतीय न्यायिक संहिता और उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की धारा 4/13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।
जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर धारा 338, 336(3) और 340(2) भी जोड़ी गई हैं। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर और सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के नेतृत्व में मऊआइमा पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की।

# शक्ति शिखर सम्मेलन में राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान 2025 से अलंकृत होगी श्रीशक्ति स्वरूपा महिलाएं

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो ग्रेटर नोएडा

नई दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा भारत में साहित्यिक,सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण,संवर्धन और सृजन में भारत सर्वोपरि,राष्ट्र सम्मान सर्वोपरि की भावना से ओत-प्रोत प्रखर राष्ट्रवादी संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार द्वारा नारीशक्ति के सशक्तशाली जज़्बे को नया आयाम देने के शुभ संकल्प स्वरूप शनिवार 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एन.सी.आर क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा में भव्य राष्ट्रीय शक्ति शिखर सम्मेलन में महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कार, स्वालंबन और सशक्तिकरण के सशक्त प्रयासों पर परिचर्चा, संवाद के माध्यम से प्रभावशाली योजनाओं की नींव रखी जाएगी तथा साथ ही कला,गायन,नृत्य,साहित्य, सांस्कृतिक,शिक्षा,चिकित्सा, उद्योग, प्रशासनिक,सामाजिक, राजनीतिक,न्यायपालिका, फ़िल्म,मीडिया, खेल जगत सहित विभिन्न क्षेत्रों से स्वयं को दृढ़ता के साथ साबित कर चुकी नारीशक्ति के हौसलों को 卐राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान 2025, स्वर कोकिला लता मंगेश्कर सम्मान 2025,राष्ट्र तेजस्विनी सम्मान 2025, राष्ट्र यशस्विनी सम्मान 2025, नृत्य शिरोमणि गुरु जितेंद्र महाराज सम्मान 2025 से अलंकृत भी किया जाएगा। नई दिल्ली में 3 मार्च सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को जानकारी देते हुए सम्पर्क क्रांति परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा ने कहा कि भारत सर्वोपरि- राष्ट्र सम्मान सर्वोपरि की भावनाओं से ओत-प्रोत सम्पर्क क्रांति परिवार नारीशक्ति के प्रति




चिंतन,सम्बल,सहयोग एवं सशक्तिकरण में सदैव से ही अपनी अग्रणी एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है और इसी कड़ी में नारीशक्ति को गौरवान्वित करने वाले इस भव्य एवं दिव्य शिखर सम्मेलन में भारत देश की उन गौरवशाली श्रीशक्ति स्वरूपा नारीशक्ति को ससम्मान सम्मानित किया जाएगा जिनके जीवन की सशक्त कहानी उनके स्वयं के सपनों की पूर्णता के साथ साथ पूरे देश के लिए प्रेरणादायक एवं गौरवान्वित करने वाली है। इस भव्य समारोह में प्रतिष्ठित और पारंगत कलाकारों द्वारा कथक, कुचिपुड़ी,भरतनाट्यम, ओड़िसी नृत्य के साथ- साथ शास्त्रीय संगीत,लोक संगीत और सुगम संगीत की मनभावन प्रस्तुतियां भी होगी। इस सम्मेलन में देश की सबसे बड़ी अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता स्वर माधुरी 2025 स्वर साधकों की खोज सीज़न-3 के आगाज स्वरूप इस प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन भी होगा। दो सत्र में आयोजित दिनभर चलने वाले इस समारोह में नेपाल,नीदरलैंड दिल्ली,हरियाणा,पंजाब, राजस्थान,उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़,बिहार, झारखंड,उड़ीसा,तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र,जम्मू-कश्मीर,उत्तराखंड,हिमाचल प्रदेश,असम,मणिपुर से महिलाओं की सहभागिता रहेगी जिन्होंने मंजिलें खुद तय की और रास्ते भी खुद बनाए हैं।
प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में असम के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी होंगे वहीं सारस्वत अतिथि के रूप में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीआईजी विकास कुमार वैद्य दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आईएफएस अधिकारी पद्मजा पांडे पूर्व राजदूत फिजी गणराज्य होगी।अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर पद्मश्री नलिनी अस्थाना, पद्मश्री कमलिनी अस्थाना, वरिष्ठ फ़िल्म अभिनेत्री जयश्री अरोरा, फिल्म सेंसर बोर्ड भारत सरकार की सदस्य डॉ. नीतू नूतन, सेलिब्रिटी एस्ट्रोलॉजर डॉ.वाई राखी, राजस्थान की सुविख्यात गायिका मरु कोकिला सीमा मिश्रा,उद्योगपति एवं समाजसेवी योगेश पटेल, मंगलमय ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष डॉ. अतुल मंगल,वरिष्ठ साहित्यकार, समाजसेवी डॉ.सीमा सूरी, समाजसेविका सोनिया विरमानी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश कल्चर फॉर्म के अध्यक्ष दीपक दुबे, हिंदुस्तान समाचार एजेंसी की वरिष्ठ उप संपादक माधवी व्यास, डॉ. जतिन शर्मा, वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ.मंजू गुप्ता, डॉ.अजय प्रताप सिंह,डॉ.आयुष मंगल,डॉ.प्रेरणा मंगल,पुष्पा सहाय,रमा अग्निहोत्री,डॉ संजना सिमोन,वर्षा छाबरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोग इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं। सम्मानित होने वाली महिलाओं, युवतियों,बालिकाओं में प्रमुख रूप से स्वर कोकिला लता मंगेशकर सम्मान से नेपाल की सुविख्यात गायिका वॉइस ऑफ़ नेपाल मिलन नेवार,नृत्य शिरोमणि गुरु जितेंद्र महाराज सम्मान से कथक नृत्य गुरु मंजूश्री चटर्जी,शक्ति शिरोमणि सम्मान से वाटर वूमेन शिप्रा पाठक,डॉ.उर्वशी अग्रवाल, डॉ. सीमा भाटी,शालिनी दीक्षित, सुनीता लंबा,डॉ.ॠतु शर्मा,तेज कंवर राठौड़,रीटा सक्सेना,डॉ. मीनाक्षी बोराणा,मीनाक्षी भसीन,चंचल गुप्ता,बी पोलम्मा, डॉ. उमा विजय,अर्चना त्यागी, राधा शुक्ला,डॉ.दवीना अमर ठकराल, डॉ.सीमा वत्स, ईशा भारद्वाज, जीनस कंवर,बालिका तेजस्विनी सेनगुप्ता,रेणुका चौधरी,राष्ट्र तेजस्विनी सम्मान से सिमरन श्रुति,आयुषा व्यास,चंद्रकांता, यशस्विनी सम्मान से अद्विती वत्स, विशाखा,सहित अनेक विलक्षण प्रतिभाओं को शिखर सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा। महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस भव्य आयोजन के सफलता की शुभकामनाओं के लिए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल,योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश,धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्री भारत सरकार, नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री ,भारत सरकार राखी गुप्ता मुख्यमंत्री दिल्ली,बांसुरी स्वराज सांसद ने अपने पत्र में सम्पर्क क्रांति परिवार के कार्यों की भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

## गन्ने की होली जलाकर किसानों ने किया जोरदार प्रदर्शन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। तहसील गेट पर किसानों ने गन्ने की होली जलाकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि गन्ने के समर्थन मूल्य में समान रूप से बढ़ोतरी नहीं की गई है, जिससे वे आर्थिक रूप से परेशान हैं। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के एनसीआर अध्यक्ष कुलदीप गुड्डू के नेतृत्व में किसान कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार और सीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उत्तर प्रदेश सरकार गन्ने के मूल्य में कम से कम ₹50 प्रति कुंतल की बढ़ोतरी करे, अन्यथा किसानों को सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के नुकसान का आकलन कराकर सात दिन के भीतर उचित मुआवजा दिया जाए। तहसील शिकारपुर के गांवों में खराब सरकारी नल ठीक कराए जाएं, मच्छरों की दवा का छिड़काव और पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। इसके अलावा, खतौनी में हुई गड़बड़ियों को ठीक करने के लिए गांव-गांव जाकर रिपोर्ट तैयार करने की मांग की गई। किसानों ने कहा कि गांवों में घूम रही आवारा गायों को गौशालाओं में भेजा जाए ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। यदि इन मांगों को 17 मार्च 2025 तक पूरा नहीं किया गया तो 18 मार्च को तहसील शिकारपुर में पंचायत आयोजित की जाएगी।

## बुलंदशहर पुलिस ने विदेशी करेंसी एक्सचेंज के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 03 शातिर अपराधी किए गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। जनपद बुलंदशहर में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस ने 05/06 मार्च 2025 की रात्रि में तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। ये आरोपी विदेशी करेंसी एक्सचेंज के नाम पर धोखाधड़ी कर लोगों को ठगते थे और लूट व चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 58,000 रुपये नकद, दो अवैध तमंचे, कारतूस, एक चाकू और चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद कीं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने कई धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दिया था, जिसमें बुलंदशहर के विभिन्न इलाकों में लोगों को विदेशी करेंसी एक्सचेंज का झांसा देकर ठगा गया था। पुलिस ने बरामद पैसों में से 23,000 रुपये नुमाइश ग्राउंड धोखाधड़ी मामले और 35,000 रुपये सेंट्रल बंबा धोखाधड़ी मामले से जुड़े बताए हैं। इसके अलावा, इन अपराधियों ने पुलिसकर्मी बनकर और रोडवेज बस अड्डे पर महिलाओं को ठगने जैसी घटनाओं को भी अंजाम दिया था। गिरफ्तार अभियुक्तों पर पहले से कई मामले दर्ज हैं, और अब उनके खिलाफ कोतवाली नगर थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अदालत के फैसले का दिल से स्वागत - निहारिका चौहान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। वर्तमान में नगर पालिका परिषद गुलावठी की अधिशासी अधिकारी निहारिका चौहान को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा निर्दोष करार दिए जाने पर नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। सन 2021 में, जब निहारिका चौहान मुरादनगर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी थीं, तब श्मशान घाट पर एक भयानक हादसा हुआ था, जिसके चलते उनके खिलाफ मुकदमा चला। अदालत के फैसले में उन्हें निर्दोष घोषित किया गया, जिससे नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर कर्मचारियों ने निहारिका चौहान को बुके देकर सम्मानित किया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सच्चाई कभी नहीं हारती और जीत हमेशा सच की होती है। इस अवसर पर लिपिक नरेश यादव, मदनलाल, गोपाल गुप्ता, कमल सैनी, ओमवीर सिंह, निक्की, मतलूब अहमद, के.के. गर्ग, गिरिराज किशोर गुप्ता, उमेश शर्मा, जे.पी. सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में रिंकी ने हैमर थ्रो में मारी बाजी




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। शिकारपुर के श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार विपिन वर्मा और प्रधानाचार्य डॉ. ललित कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। प्रतियोगिता में कई खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें 100 मीटर दौड़ में निशांत कश्यप और निधि चौधरी, 200 मीटर दौड़ में निशांत कश्यप और नीरू, 400 मीटर दौड़ में निशांत कश्यप और अंशु, जबकि 1500 मीटर दौड़ में लोकेन्द्र सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में निशांत कश्यप और उमा शर्मा विजेता रहे। टीम खेलों में बी.कॉम की टीम ने वॉलीबॉल में और बी.ए. तृतीय वर्ष की टीम ने खो-खो में जीत दर्ज की। हैमर थ्रो में रिंकी, जबकि बैडमिंटन में दृष्टि शर्मा ने पहला स्थान हासिल किया।

पूरे महोत्सव में निशांत कश्यप चैंपियन बने।

इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. ललित कुमार गुप्ता, उपप्रधानाचार्य डॉ. नीरज कुमार, रिशु भारद्वाज, गुणेश कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, राहुल भारद्वाज सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## विधायक सुरेश गुर्जर ने विधानसभा में पेयजल, सिंचाई, विस्थापितों के मुआवजे और जल जीवन मिशन पर उठाई मांग

मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस,
ब्यूरो चीफ राजस्थान।



झालावाड़ 06 मार्च खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर ने विधानसभा के बजट सत्र में अनुदान की मांग संख्या 41 42, पेयजल और जल संसाधन की चर्चा में भाग लेकर क्षेत्र की समस्याओ को उठाया और उनके निराकरण की मांग उठाई है। सुरेश गुर्जर ने कहां कि मै अपने आपको सौभाग्य शाली मानता हूं।कि मैं राजस्थान के झालावाड जिले से चुन कर आता हूं।जहां सबसे ज्यादा बारिश होती है। सबसे ज्यादा नदीया बहकर निकलती है।सबसे ज्यादा तालाब और डेम हमारे जिले में है।इस बात की भी खुशी है।कि हमारे जिले से बहने वाली नदीया परवन,कालीसिंध,आहु,उजाड, रेवा,छापी आदि नदियों के पानी से ही राज्य के 17 जिलो को महत्वाकांक्षी रामसेतु लिंक परियोजना ईआरसीपी योजना के माध्यम से पानी मिलेगा

नदिया भी हमारे यहां है।डेम भी है।,तालाब है।,पानी भी है।, इसके बावजूद भी नदियों के किनारे बसे लोग और खेत,आज भी प्यासे है।मंडावर बेल्ट में पानी की समस्या का मामला उठाते हुए विधायक सुरेश गुर्जर ने कहां कि असनावर तहसील की 7 ग्राम पंचायत मंडावर,अकतासा, पनवासा,गोरधनपुरा,कोलाना, रूपारेल के 50 से ज्यादा गांवो में पीने और सिचांई के लिए पानी नही है।जबकि इन गांवो के एक तरफ तो भीम सागर डेम बना हुआ है।और दुसरी तरफ कालीसिंध नदी पर डेम बना हुआ है।फिर भी यह पानी के लिये तरस रहे है।सरकार से इस क्षेत्र में लिफ्ट परियोजना बना कर सिंचाई और पीने के लिये पानी उपलब्ध कराने की मांग की बकानी तहसील में चेकडेम और एनीकट की मांग उठाते हुए विधायक सुरेश गुर्जर ने कहां कि ग्राम पंचायत आगरिया, कुशलपुरा,बरखेडा,गुराडखेडा, गरवाडा,खेरिया के 40-50 गांवो में न तो पीने का पानी है।न खेती के लिए पानी है।अभी गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है।उस इलाके में पीने का पानी भी टेंकरो से सप्लाई होता है।जबकि यहां पर उपजाउ भूमि है।कई खाल,नाले है।जिनका पानी बह कर निकल जाता है।यहां पर खेती के अभाव में लोग पलायन कर रहे हैं।यहां पर छोटे चेकडेम और एनिकट की मांग लंबे समय से की जा रही है।यहां पर नाले व खालो को चिन्हित कर छोटे एनीकट व डेम बनाये जाएं चर्चा के दौरान विधायक सुरेश गुर्जर ने कहां कि परवन सिंचाई वृहत परियोजना के अंतर्गत सिंचाई और पेयजल पहुंचाने की महत्वाकांक्षी योजना बजट के अभाव में उपेक्षा का शिकार हो रही है।इस परियोजना के अंतर्गत डूब प्रभावित क्षेत्र के लोगो को अभी तक भी पूरा मुआवजा नही दिया गया है। किसान मुआवजा के लिए दर दर भटक रहे है।राजकीय भूमि जैसे वन,सिवायचक आदि पर बने 587 मकानो के मुआवजे का प्रस्ताव बजट के अभाव में अटका हुआ है।साथ ही उन विस्थापितो की कॉलोनीयों में कोई मूलभूत सुविधाएं नही है। इसी प्रकार आंशिक डूब प्रभावित गांव महुआ खेडा, दौलाडा,बोरखेडी,अकावद कलॉ, अकावद खुर्द,हनोती गांवों को पूर्ण डूब घोषित करने की मांग भी लंबे समय से लंबित है।इन्हे पूर्ण डूब प्रभावित घोषित कर मुआवजा दिया जाने की मांग भी उठाई साथ ही कहां कि परवन वृहत परियोजना से छूटे हुए ग्राम पंचायत करनवास,तारज, मालनवास,धानोदा,बीसनखेडी और हरिगढ के सभी गांवो को सिंचाई परियोजना से जोडा जाएं खानपुर में काली सिंध नदी पर हीचड में एनीकट निर्माण, बकानी में मोडी में तालाब बनाने की, हरीशचंद्र सागर नहर परियोजना में 35 करोड की राशि की बजट मे घोषणा करने के लिये विधायक सुरेश गुर्जर ने जल संसाधन मंत्री को धन्यवाद भी ज्ञापित किया साथ ही पेयजल की मांग पर चर्चा करते हुए सरकार की भेदभाव करने नीति की आलोचना करते हुए कहां कि पिछले बजट में हर विधानसभा मे 10 -10 हेंडपंप और 5-5 ट्यूबवैल दिये थे, मगर राजनैतिक भेदभाव के चलते मेरी विधानसभा में एक भी नही लगाया तथा उन्हे बिना भेदभाव के लगाने की मांग रखी है। जल जीवन मिशन के कार्यो की सुस्त गति की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुये कहा कि खानपुर के 405 गांवो में से केवल 73 गांवो मे कार्य पूर्ण हुआ है।इन गांवो में 4 वृहद परियोजना के माध्यम से पेयजल पहुचाने की स्वीकृति जारी की गई। इसमे से परवन अकावद परियोजना के अंतर्गत 143 गांवो को पेयजल पहुंचाने की स्वीकृति जारी की हुई है।किंतु अभी तक तो टेंडर ही नही हुए है।साथ ही मांग रखी कि खानपुर के बचे हुये 332 गांवो को जल्द से जल्द पेयजल उपलब्ध कराया जाएं

फ्लोराईड की समस्या के निदान के लिए मांग उठाते हुए कहां कि खानपुर मुख्यालय, गाडरवाडा,डूंडी,पिपलाद, जोलपा,सूमर,मोहम्मद पुरा, झागर,गोल्याखेडी,देवपुरा, भंवरा,मेंहदढी,कंवलदा, कंवरपुरा मंड आदि कई गांवो में लोग फ्लोराइड युक्त जहरीला पानी पीने को मजबूर है।इनको प्राथमिकता से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएं

### रीछवा की 5 वर्षीय आफ़िया ने पहला रोजा रखा



मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस,
ब्यूरो चीफ राजस्थान।

बकानी 06 मार्च मुस्लिम समाज के चल रहे पवित्र रमजान माह में छोटे बच्चे भी रोजा रख रहे है।इसी कड़ी में रीछवा में मोहम्मद आरीफ कंपाउंडर की बेटी आफ़िया ने जिंदगी का पहला रोजा रखा है।सुबह साढ़े चार बजे उठकर परिवार वालों के साथ सहरी की पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर खुदा का ज़िक्र किया सांय को साढ़े छः बजे मगरिब की अजान के साथ रोजा खोला मुश्ताक खान ने बताया कि सभी परिवार वालों ने आफ़िया का फूल माला व तोहफे से इस्तकबाल कर हौंसला अफजाई की है।

### तेज आवाज में डीजे बजाने पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, तीन डीजे जप्त




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। पुलिस प्रशासन द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बावजूद तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। कोतवाली के बाहर एक बारात में तेज साउंड में बज रहे तीन डीजे को पुलिस ने जप्त कर लिया। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं, और तेज आवाज से परीक्षार्थियों को परेशानी होती है। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद भी डीजे संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, इसलिए पुलिस को यह कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अगर कहीं भी तेज आवाज में डीजे बजाया जाता है, तो तुरंत कोतवाली को इसकी सूचना दें। कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सद्भाव और प्रेम का त्योहार है होली - आचार्य मारुति नन्दन वागीश महाराज

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



वृन्दावन। बुर्जा रोड़ स्थित भागवत पीठ में सत्य सनातन सेवार्थ संस्थान के द्वारा 20 वां रंगारंग फाग महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसमें होली के पदों ,भजनों व रसियों का संगीतमय गायन अनेक सुप्रसिद्ध मंडलियों के द्वारा किया गया।साथ ही रंग-गुलाल व फूलों की जबरदस्त होली खेली गई।जिसमें प्रख्यात संतों-धर्माचार्यों के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों से आए भक्तों व श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। गौरी गोपाल आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष, विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता डॉ. अनिरुद्धाचार्य महाराज ने कहा कि होली पारस्परिक प्रेम, सौहार्द्र व राष्ट्रीय एकता का प्रमुख पर्व है। विडम्बना है कि सामाजिक समरसता के इस महापर्व में अनेक बुराइयों का समावेश हो गया है। आज आवश्कता इस बात की है कि हम लोग इस दिन अपने जीवन की समस्त बुराइयों को त्यागने का संकल्प लें। तभी इस पर्व की अस्मिता सुरक्षित रह सकती है। आचार्य/भागवत पीठाधीश्वर,भागवत प्रभाकर आचार्य मारुति नन्दन वागीश महाराज व युवराज श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि होली सद्भाव और प्रेम का त्योहार है। सभी को मिलकर अपने ईर्ष्या, द्वेष कों त्याग कर प्रेम मिलन करके हम बुराइयों कों समाप्त करें और अच्छाइयों को ग्रहण करें। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व पंडित बिहारीलाल शास्त्री ने कहा कि धर्म संस्कृति से बढ़कर कर्म संस्कृति की प्रधानता है।इसीलिए आचार्यों ने भी ब्रज में आकर यहां की रज नमन किया है और भगवान की लीलाओं को अवलोकन कर उनके आनंद का लाभ प्राप्त किया। प्रमुख भाजपा नेता पण्डित योगेश द्विवेदी व क्रांतिकारी संत डॉ. सत्य मित्रानंद महाराज ने कहा कि ब्रज रस प्रेम का आनंद स्वरूप है। जिसमें सभी ब्रजवासी सुख की अनुभूति प्राप्त करते हैं। साथ ही प्रेम और सौहार्द्र को बढ़ाते हैं। भागवताचार्य विपिन बापू महाराज व आचार्य सुमंत कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान शिव ने भी होली खेली थी और होली में सभी रंगों का समाववेश है।इसीलिए होली को रंगोत्सव भी कहते हैं। होली महोत्सव में श्यामसुन्दर ब्रजवासी महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, महेन्द्र शर्मा, उमेश कौशिक (दिल्ली), श्रीमती संगीता कौशिक, भजन गायक विनोद, अमन, आचार्य भरत शास्त्री, राघव, जयप्रकाश आदि की उपस्थिति विशेष रही।संचालन पण्डित बिहारीलाल शास्त्री ने किया।महोत्सव का समापन स्वल्पाहार के साथ हुआ।

# एनटीपीसी में महाराणा प्रताप की मूर्ति अनावरण को लेकर भाजपा की बैठक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एनटीपीसी आगमन और महाराणा प्रताप की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जनसभा को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा प्रदेश की विकास योजनाओं को जनता के सामने रखने और पार्टी के संदेश को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे अधिक से अधिक लोगों को जनसभा में शामिल करने के लिए सक्रियता से काम करें। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता बलवीर सिंह ने की और संचालन सभासद गगन प्रजापति ने किया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया, वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप मोदी, महेश वर्मा, महामंत्री अनुराग तोमर, अनिमेष अगस्तीन, युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं सभासद हिमांशु सैनी, सभासद संदीप यादव, अजय गर्ग, विपिन उर्फ सीटू, सुनील सैनी, राजेश सागर, परमानंद सैनी, राजदुलारी सैनी, उमा चौधरी, अरुणा शर्मा, अरुण तेवतिया, अमित विधूड़ी, अमित तेवतिया, पवन तेवतिया, मूलचंद अग्रवाल, वैभव वर्मा, सैयद आजम, शाहिद मालिक, मोहम्मद नासिर, मास्टर कंछिद, शहजाद खान, विपिन गोयल, हैप्पी वर्मा, सुभाष, हिमांशु गोयल, डालचंद सैनी, कन्हैया सैनी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विज्ञान भवन में सम्मानित होने पर अंतुल तेवतिया का भव्य स्वागत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया को दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मानित किए जाने पर नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया, मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया, वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप मोदी, महेश वर्मा, महामंत्री अनुराग तोमर, सभासद गगन प्रजापति, हिमांशु सैनी, संदीप यादव, अजय गर्ग, सुनील सैनी, राजेश सागर, परमानंद सैनी, राजदुलारी सैनी, उमा चौधरी, अरुणा शर्मा, अरुण तेवतिया, अमित विधूड़ी, मूलचंद अग्रवाल, आजम खान, मोहम्मद नासिर, शहजाद खान, विपिन गोयल, हैप्पी वर्मा, हिमांशु गोयल, शमीम अहमद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया भागवत भूषण श्रील ब्रह्मर्षि वृन्दावन बिहारी मिश्र महाराज ( बिन्दुजी ) का 20वां पुण्य तिथि महोत्सव



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन।प्रताप बाजार स्थित प्राचीन शाहजहांपुर मंदिर में श्रीहित उत्सव चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के द्वारा भागवत भूषण श्रील ब्रह्मर्षि वृन्दावन बिहारी मिश्र महाराज (बिन्दुजी) का 20वां पुण्य तिथि महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसके अंतर्गत उनके चित्रपट का पूजन-अर्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए गौडीय संप्रदाय के प्रकांड विद्वान आचार्य अच्युतलाल भट्ट महाराज एवं आचार्य पुरुषोत्तम शरण शास्त्री (शास्त्रार्थ महारथी) ने कहा कि ब्रह्मर्षि वृन्दावन बिहारी मिश्र महाराज (बिन्दुजी) ज्योतिष और कर्मकांड के भी मर्मज्ञ थे।उन्होंने श्रीमद्भागवत सार पचासा, बांके बिहारी विनय पचासा, राधावल्लभ विनय पचासा, ज्योतिष सार पचासा, वृन्दावन वैभव दर्शन, वृन्दावन धाम पचासा, श्रीमद्भागवत पूजन पद्धति आदि लगभग 20 ग्रंथों की रचना की। प्रख्यात साहित्यकार डॉ गोपाल चतुर्वेदी एवं ब्रजभूमि कल्याण परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि ब्रह्मर्षि वृन्दावन बिहारी मिश्र महाराज (बिन्दुजी) नित्य प्रति प्रात:काल यमुना महारानी का पूजन अर्चन कर बिना शंख के शंख ध्वनि किया करते थे।उन्होंने अपने जीवन काल में असंख्य ब्राह्मण बालकों को श्रीमद्भागवत महापुराण व अन्य धर्मग्रंथों की नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की। भागवताचार्य गोपाल भैया महाराज एवं आचार्य करुणा शंकर त्रिवेदी ने कहा कि ब्रह्मर्षि वृन्दावन बिहारी मिश्र महाराज (बिन्दुजी) श्रीधाम वृन्दावन की बहुमूल्य विभूति थे।उनके द्वारा जो ग्रंथ लिखे गए हैं उन्हें वर्तमान पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए,जिससे उनका कल्याण हो सके। प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च एवं आचार्य विवेक भारद्वाज ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव ब्रह्मर्षि वृन्दावन बिहारी मिश्र महाराज (बिन्दुजी) श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रकांड विद्वान थे। समूचे देश के अलावा श्रीधाम वृन्दावन के लोगों में उनकी कथाओं को लेकर का इतना उत्साह था, कि कई कई वर्षों तक उन्हें वृन्दावन से बाहर जाने का समय नहीं मिलता था। इस अवसर पर पण्डित श्याम सुन्दर ब्रजवासी (चारधाम वाले), युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, हितवल्लभ नागार्च, पण्डित श्याम बिहारी चतुर्वेदी, आचार्य मनीष शुक्ला, शाहजहांपुर मंदिर के सेवायत आचार्य चैनकिशोर गोस्वामी, कृष्णकांत गोस्वामी, प्रेमकिशोर गोस्वामी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने किया।महोत्सव में पधारे सभी आगंतुक अतिथियों का श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च व आचार्य विवेक भारद्वाज ने माल्यार्पण और ठाकुरजी का प्रसादी भेंट कर स्वागत किया।

## जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. अंतुल तेवतिया को सम्मानित होने पर सत्यवीर सिंह यादव ने दी बधाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया को राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। डॉ. अंतुल तेवतिया को जनपद में उत्कृष्ट कार्यों और महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान के लिए नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश में यह सम्मान पाने वाली वह एकमात्र महिला हैं। उनके इस उपलब्धि से जनपद का नाम रोशन हुआ है। इस उपलक्ष्य में सत्यवीर सिंह यादव जरगवां स्थित उनके आवास पहुंचे और बुका भेंट कर मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने डॉ. तेवतिया के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्युत उपकेन्द्र रौण्डा की बिजली आपूर्ति आज 10 घंटे रहेगी बाधित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (रिशू कुमार)। जहांगीराबाद क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आज 7 मार्च 2025 को विद्युत उपकेन्द्र रौण्डा की क्षमता वृद्धि का कार्य प्रस्तावित है। इस कारण उपकेन्द्र से जुड़े ग्रामों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है। एसडीओ राम आशीष यादव ने जानकारी देते हुए राष्ट्रहित में बिजली बचाने का संदेश दिया।